हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

करें उत्सव की
शुरुआत प्यार से।

सुमीत बाजार™

दीपावली खरीदारी पर
CASHBACK VOUCHER
₹1,000 की छूट
हर ₹2,500 की खरीदारी पर
ऑफर केवल 30 अक्टूबर तक
*नियम व शर्तें लागू

*condition apply

मेन्स वियर • लेडिस वियर • टीन्स वियर • किड्स वियर • होम फर्निशिंग • गृह उपयोगी सामान • एसेसरीज

कैशबैक वाउचर स्कीम सिर्फ इन स्टोर्स में लागू - छत्तीसगढ़ - रायपुर - बैजनाथ पारा, गेट नं. 7 पंडरी मार्केट, पंडरी मॉल के बाजू, न्यू राजेन्द्र नगर, लाखेनगर, गुढ़ियारी, कटोरा तालाब आरंग | बिलासपुर | भिलाई - सुधीर एक्सरे के सामने सुपेला | दुर्ग - स्टेशन रोड, पुलगांव | राजनांदगांव-बसंतपुर | डोंगरगढ़ | भाटापारा | धमतरी | कांकेर | कोण्डागांव | सिमगा | खरोरा बालोद | बेमेतरा | कवर्धा | सरायपाली | बागबाहरा || उड़ीसा - नुआपाड़ा || मध्यप्रदेश - बालाघाट | धामनोद || अतिशीघ्र भव्य शुभारंभ रिंग रोड, कुशालपुर, रायपुर
नवीनतम फेस्टिवल कलेक्शन इन स्टोर्स पर भी उपलब्ध - छत्तीसगढ़ - रायपुर - संतोषी नगर, महादेव घाट, बिरगांव, हीरापुर, भनपुरी, रामनगर | नवापारा (राजिम) - गंज रोड, सदर रोड भिलाई - पावर हाऊस, सुपेला चौक, सिरसा रोड | महासमुंद || उड़ीसा - खरियार रोड

CUSTOMER CARE - 89820 44000 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com

अहमदाबाद में राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक में शामिल होंगे पारवानी

रायपुर। कैट दिल्ली के प्रदेश प्रभारी बनने के बाद कैट के नेशनल वाइस चेयरमैन अमर पारवानी अहमदाबाद में होने वाली राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक में पहली बार अहमदाबाद जा रहे हैं। यह अवसर उनके लिए नई जिम्मेदारी के साथ संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने और विचार विमर्श करने की दिशा में महत्वपूर्ण होगा।

:: आम सूचना ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार रवि राणे पिता श्री रघुजी राणे निवासी ठाकुरदेव मंदिर के पास, जोरापारा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा विक्रेता श्रीमती सरिता पटले, पति- श्री सुरेश पटले निवासी- शीतला माता मंदिर के पीछे, यादव किराना स्टोर, डेरी मोहल्ला, चंगोराभाठा, रायपुर तहसील व जिला छ.ग. के आधिपत्य व स्वामित्व की परिवर्तित भूमि जो मौजा-चंगोराभाठा, प.ह.न. 00059, रा.नि.म. रायपुर-13-भाठागांव, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 114/25 रकबा 492 वर्गफुट भूमि है जिस पर 984 वर्गफुट पर डूपलैक्स पक्का मकान निर्मित है को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना अग्रिम राशि विक्रेता को अदा कर दिये है, बैनामा पंजीयन शेष है।

इस आम सूचना प्रकाशन के सात दिवस पश्चात मेरे पक्षकार अपने नाम या अपने सुझाये व्यक्ति के नाम पर बैनामा पंजीयन करायेगें।

उक्त संव्यवहार पर किसी शासकीय, अर्द्धशासकीय, वित्तीय संस्थान, व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह को कोई दावा उजर आपत्ति हो तो मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा उजर आपत्ति समयावधि के भीतर अधोलिखित कार्यालयीन पते पर प्रेषित करें बाद मियाद अवधि ली गई दावा उजर आपत्ति मेरे पक्षकारो पर बंधनकारी ना होकर अवैध व शून्य होवेगी। "सो सूचना जाने"

रायपुर छ.ग. दिनांक 22/10/2026

भवदीय
संदीप फरिकार (अधिवक्ता)
श्रीराम मंदिर के पास कंकाली पारा
रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.,
मो.नं. 6264407954

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने भी शहर में स्वागत होर्डिंग्स लगाने से किया मना

भाजपा की प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी का होगा भव्य स्वागत

एक हजार कार्यकर्ताओं की निकलेगी बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



भाजपा की प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी दो दिनों के प्रवास पर 25 अक्टूबर की सुबह रायपुर पहुंचने वाली हैं। नई प्रदेश प्रभारी और साथ में आ रहे सह प्रभारी सिद्धार्थ शंभू के स्वागत को लेकर प्रदेश भाजपा संगठन ने बड़ी तैयारी की है। इसके लिए रायपुर शहर जिला और ग्रामीण को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। भव्य स्वागत के लिए माना विमानतल पर पांच हजार से ज्यादा की भीड़ एकत्रित करने का लक्ष्य है। इसी के साथ भाजपा के एक हजार कार्यकर्ता बाइक रैली निकालेंगे। यह रैली विमानतल से लेकर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर तक प्रदेश प्रभारी के वाहन के सामने चलेगी। रास्ते में भी स्वागत किया जाएगा।

भाजपा को आठ माह बाद जाकर अब नया प्रदेश प्रभारी मिला है। नए प्रभारी की नियुक्ति के पहले तक राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ही प्रदेश प्रभारी थे। अब नई प्रदेश प्रभारी का दो दिनों का दौरा बना है। प्रदेश प्रभारी ने दौरे में आने से पहले ही यह फरमान जारी कर दिया है कि उनके स्वागत में कहीं भी एक भी होर्डिंग्स न लगाई जाए। इसके बाद अब तैयारी के लिए बैठक में प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने भी साफ शब्दों में कह दिया है कि शहर में स्वागत को लेकर एक भी होर्डिंग्स नहीं लगेगी। लेकिन शहर में विमानतल से लेकर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर तक और शहर में भाजपा के झंडे जरूर लगेंगे।

पांच हजार से ज्यादा कार्यकर्ता जाएंगे विमानतल

प्रदेश प्रभारी के स्वागत को भव्य बनाने के लिए रायपुर के 20 मंडलों से पांच हजार से ज्यादा कार्यकर्ताओं को विमानतल पर लाने की जिम्मेदारी मंडलों के अध्यक्षों को दी गई है। इसी के साथ रायपुर नगर निगम और बीरगांव नगर निगम के पार्षद भी अपने समर्थकों के साथ विमानतल पहुंचेंगे। रायपुर जिले की आठ विधानसभाओं के भाजपा विधायकों के समर्थक भी बड़ी संख्या में विमानतल पहुंचेंगे। विमानतल पर स्वागत में प्रदेश के कई मंत्री, विधायक, सांसद और भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी, जिलों के पदाधिकारियों के साथ ही मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी भी रहेंगे।

धान खरीदी से पीएससी परीक्षा तक भूपेश बघेल ने सरकार को घेरा, बोले- 2024 की परीक्षा रद्द हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धान खरीदी, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा, बीटीआई मैदान पर व्यावसायिक परिसर निर्माण और महतारी वंदन योजना को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा। संवाददाताओं से चर्चा करते हुए उन्होंने वर्ष 2024 की पीएससी परीक्षा रद्द करने और कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच कराने की मांग की। उन्होंने धान खरीदी एक नवंबर से शुरू करने की वकालत करते हुए सरकार से पूछा कि क्या वह समय पर धान खरीदी नहीं करना चाहती? भूपेश बघेल ने पीएससी परीक्षा की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए कहा, सरकार एक ओर भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप सामने आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार में बैठे लोगों की परीक्षा प्रक्रिया में भूमिका होने के आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

एक नवंबर से शुरू हो धान खरीदी

धान खरीदी की तैयारियों को लेकर बघेल ने सरकार को घेरते हुए कहा, खरीदी समय पर शुरू होनी चाहिए, ताकि किसानों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार धान खरीदी की व्यवस्था ठीक से नहीं कर पा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब किसानों की उपज तैयार है, तो खरीदी शुरू करने में देर क्यों की जा रही है? उन्होंने सरकार से धान खरीदी की तारीख और व्यवस्थाओं को लेकर स्पष्ट जवाब मांगा।

न्यायालय सब जज तृतीय
मोकाम - डुमरांव

स्वत्व वाद संख्या - 323 सन 2026
मु कलावती देवी वगैरह ---- वादीनीगण

प्रति

लाल बहादुर प्रसाद सिंह ---------- ---------- प्रतिवादीनीगण

नोटिश बनाम ,

1. लाल बहादुर प्रसाद सिंह
2. संतोष प्रसाद सिंह (पिता- स्व सुमेश्वर प्रसाद सिंह) सभी निवासी - कुम्हार बस्ती रायपुरा महादेवा घाट (रायपुर क्षेत्र) थाना- रायपुरा जिला- रायपुर (छत्तीसगढ़) पिन कोड -492013 चूँ बजरिये 'गजट प्रकाशन' के माध्यम से आपको सभी को सूचित किया जाता हैं की आप पर नजारत नोटिश वो डाक द्वारा पोस्टल नोटिश भेजवाने के बावजूद उक्त वाद में उपस्थित नहीं हो रहे हैं अतः आपको आगाह किया जाता है की आप दिनांक- 30/11/2026 को समय- 10:30 बजे दिन में स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे, अन्यथा एक पक्षीय सुनवाई की जायेगी।

इसे सख्त ताकिद जाने ।

व हुक्म,

न्यायालय सब जज
तृतीय मोकाम- डुमरांव







निधन

पुष्पा यादव



आरंग। वार्ड 16 बैहार निवासी 59 वर्षीय पुष्पा यादव का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वे विश्वनाथ यादव की पत्नी एवं पवन व ऊकेश यादव की मां थी।

:: आम सूचना ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार रवि राणे पिता श्री रघुजी राणे निवासी ठाकुरदेव मंदिर के पास, जोरापारा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा विक्रेता श्रीमती सरिता पटले, पति- श्री सुरेश पटले निवासी- शीतला माता मंदिर के पीछे, यादव किराना स्टोर, डेरी मोहल्ला, चंगोराभाठा, रायपुर तहसील व जिला छ.ग. के आधिपत्य व स्वामित्व की परिवर्तित भूमि जो मौजा-चंगोराभाठा, प.ह.न. 00059, रा.नि.म. रायपुर-13-भाठागांव, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 114/25 रकबा 492 वर्गफुट भूमि है जिस पर 984 वर्गफुट पर डुपलैक्स पक्का मकान निर्मित है को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना अग्रिम राशि विक्रेता को अदा कर दिये है, बैनामा पंजीयन शेष है।

इस आम सूचना प्रकाशन के सात दिवस पश्चात मेरे पक्षकार अपने नाम या अपने सुझाये व्यक्ति के नाम पर बैनामा पंजीयन करायेगें।

उक्त संव्यवहार पर किसी शासकीय, अर्द्धशासकीय, वित्तीय संस्थान, व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह को कोई दावा उजर आपत्ति हो तो मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा उजर आपत्ति समयावधि के भीतर अधोलिखित कार्यालयीन पते पर प्रेषित करें बाद मियाद अवधि ली गई दावा उजर आपत्ति मेरे पक्षकारो पर बंधनकारी ना होकर अवैध व शून्य होवेगी। "सो सूचना जाने"

रायपुर छ.ग. दिनांक 22/10/2026

भवदीय
संदीप फरिकार (अधिवक्ता)
श्रीराम मंदिर के पास कंकाली पारा
रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.,
मो.नं. 6264407954

युवा संसद स्पर्धा में सत्ता और विपक्ष की भूमिका में छात्रों ने किया कमाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग



- प्रतियोगिता में विकासखंड के 8 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया

गुरुवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा के निर्देशन में गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल आरंग में विकासखंड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विकासखंड के 8 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने प्रेरित करते हुए कहा कि भारत युवाओं का देश है और युवा संसद केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि हमारे जीवंत लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों को गहराई से समझने की उत्कृष्ट कार्यशाला है। उन्होंने प्रतिभागियों से अपेक्षा की कि वे विचारशील, ऊर्जावान युवा बनकर सशक्त विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर उनके साथ सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लाखेश्वर रात्रे, नोडल प्राचार्य गण संध्या रानी बारीक, सरोजनी केरकेट्टा, प्राचार्य गांधी हरेश दास, संकुल समन्वयक हरीश दीवान की भी सहभागिता रही। इस प्रतियोगिता में पीएमश्री अरुंधती, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग, हायर सेकेंडरी राखी, गनोद, गुल्लू एवं सेजेस समोदा स्कूल की सहभागिता रही।

ध्यानाकर्षण में साइबर सुरक्षा और शिक्षा नीति दिया जोर

विद्यार्थियों ने ध्यानाकर्षण में साइबर सुरक्षा, परिवहन विकास, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, नारी सशक्तिकरण, जलवायु प्रदूषण नियंत्रण, मोबाइल के बढ़ते दुष्प्रभाव, मेरे सपनों का भारत जैसे मुद्दों पर संसद की कार्यवाही का निर्भीकता से प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक अरविंद वैष्णव एवं महेंद्र पटेल के द्वारा किया गया तथा आभार कार्यक्रम नोडल गण स्मिता रघुवंशी एवं मनोज शर्मा ने किया। निर्णायक गण व्याख्याता क्रमशः मितांजली महंती, महेश अग्रवाल, बबिता देब, मनहरण यादव की भूमिका सराहनीय रही। साथ ही शिक्षक गण हरमन बघेल, सीएसी अभिषेक तिवारी, वर्षारानी पाटकर, रजत पांडे, हरिनारायण साहू, सत्येंद्र त्रिपाठी आदि सभी की उत्कृष्ट सहभागिता रही। पीएमश्री शासकीय अरुंधति देवी उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का चयन जिला स्तर के लिए किया गया। प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं ने संसदीय प्रक्रिया के तहत प्रश्न रखते हुए अपने-अपने पक्ष को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

रामलीला के बाद हुआ रावण दहन, उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरपोंगी

- विजयादशमी के पावन अवसर पर उमड़ी दर्शकों की भीड़





समीपस्थ ग्राम सगुनी में 21 अक्टूबर को विजयादशमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। यहां की अनूठी परंपरा के अनुसार, आसपास के ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए मुख्य दशहरे के एक दिन बाद यह उत्सव आयोजित किया जाता है। इस उपलक्ष्य में आयोजित चार दिवसीय रामलीला मंचन के अंतिम दिन आकर्षक वेशभूषा में श्रीराम और रावण के बीच संवाद का जीवंत मंचन हुआ, जिसके उपरांत बुराई के प्रतीक रावण का दहन किया गया। समापन अवसर पर आयोजित आरती में आदर्श रामलीला मंडली के अध्यक्ष सुरेंद्र कश्यप और जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा विशेष रूप से शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि आदर्श रामलीला मंडली द्वारा इस गांव में पिछले 34 वर्षों से निरंतर सफलतापूर्वक रामलीला का मंचन किया जा रहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में आसपास के गांवों के श्रद्धालु और ग्रामीण उपस्थित रहे।

न्यायालय सब जज तृतीय
मोकाम - डुमरांव

स्वत्व वाद संख्या - 323 सन 2026
मु कलावती देवी वगैरह ---- वादीनीगण
प्रति
लाल बहादुर प्रसाद सिंह ----------
---------- प्रतिवादीनीगण
नोटिश बनाम ,
1. लाल बहादुर प्रसाद सिंह
2. संतोष प्रसाद सिंह (पिता- स्व सुमेश्वर प्रसाद सिंह) सभी निवासी - कुम्हार बस्ती रायपुरा महादेवा घाट (रायपुर क्षेत्र) थाना-रायपुरा जिला- रायपुर (छत्तीसगढ़) पिन कोड -492013 चूँ बजरिये 'गजट प्रकाशन' के माध्यम से आपको सभी को सूचित किया जाता हैं की आप पर नजारत नोटिश वो डाक द्वारा पोस्टल नोटिश भेजवाने के बावजूद उक्त वाद में उपस्थित नहीं हो रहे हैं अतः आपको आगाह किया जाता है की आप दिनांक- 30/11/2026 को समय- 10:30 बजे दिन में स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे, अन्यथा एक पक्षीय सुनवाई की जायेगी।
इसे सख्त ताकिद जाने ।
व हुक्म,
न्यायालय सब जज
तृतीय मोकाम- डुमरांव





हरिभूमि
रायपुर भूमि





राष्ट्रपति के आगमन पर कई मार्गों का ट्रैफिक डायवर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रायपुर पहुंची हैं। उनके आगमन को देखते हुए कई मार्गों को बंद करने के साथ ट्रैफिक डायवर्ट किया गया। राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए सुरक्षा इंतजाम और कड़े किए गए थे। राष्ट्रपति दोपहर 12.30 बजे रापुर पहुंचीं और पौने एक बजे लोकभवन पहुंचीं। राष्ट्रपति के पहुंचने पर उनके एयरपोर्ट से लोक भवन आने के रास्ते फुंडहर चौक से एयरपोर्ट पहुंच मार्ग को बंद कर दिया गया था। एयरपोर्ट आवाजाही करने वालों को परेशानी न हो इस बात को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग के दोनों तरफ की सर्विस रोड को चालू रखा गया था।

राष्ट्रपति के आने-जाने के समय 15-15 मिनट के लिए ट्रैफिक रोका गया

वीआईपी रोड में सर्विस रोड को चालू रख बीच मार्ग में आवाजाही बंद की गई



लोकभवन के चारों तरफ मार्ग बंद

राष्ट्रपति के आने के बाद लोकभवन के चारों तरफ के मार्ग को बंद कर दिया गया था। आवाजाही करने वाले लोगों को शास्त्री चौक की तरफ गोल घूमकर आना पड़ा। इसी तरह वीआईपी रोड से तेलीबांधा, भगत सिंह चौक, मरीन ड्राइव मार्ग में राष्ट्रपति के आने के समय ट्रैफिक को 15 मिनट के लिए रोका गया। राष्ट्रपति का काफिला गुजरने के बाद मार्ग को पूरी तरह से खोल दिया गया।



हरिभूमि सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन 23 अक्टूबर 2026
कूपन नं. 21

खबर संक्षेप

8.40 लाख की नशीली टेबलेट जब्त, 1 गिरफ्तार



रायपुर। एंटी नारकोटिक्स, एसीसीयू तथा डीडीनगर थाने की संयुक्त टीम ने एक युवक के कब्जे से ओडिशा से तस्करी कर लाई गई 8.40 लाख रुपए की 2100 सौ नग नशीली टेबलेट जब्त की है। प्रतिबंधित टेबलेट के साथ पुलिस ने डगनिया निवासी मो. असजद को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने उक्त टेबलेट ओडिशा से तस्करी कर लाई थी। पुलिस युवक से नशीली टेबलेट की सप्लाई चेन एवं तस्करी नेटवर्क की पड़ताल कर बैकवर्ड एवं फॉरवर्ड लिंकेज की जांच करते हुए टेबलेट की आपूर्ति करने वाले स्रोतों तथा इसकी बिक्री एवं सप्लाई में संलिप्त अन्य आरोपियों की पहचान कर रही है।

निर्माणाधीन अस्पताल की चौथी मंजिल से गिरकर इंजीनियर की मौत

रायपुर। विधानसभा थाना क्षेत्र के एक निर्माणाधीन अस्पताल की चौथी मंजिल से गिरकर एक साइड इंजीनियर की मौत हो गई है। घटना गुरुवार शाम पांच बजे की है। परिजनों के आने पर शुक्रवार या शनिवार को मृतक का पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। बिहार, वैशालीनगर निवासी सुबोध सिंह (32) की अस्पताल की चौथी मंजिल से गिरने पर मौत हुई है।

फर्जी प्रोफाइल फोटो लगाकर ठगे 80 लाख

रायपुर। ऑनलाइन फ्रॉड करने वाला एक जालसाज ने एक कंपनी के डायरेक्टर की अपने वाट्स एप पर फर्जी प्रोफाइल फोटो लगाकर एकाउंटेट से अकाउंट में जमा पैसों की जानकारी हासिल कर 80 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी की है। कंपनी के डायरेक्टर को इस बात की जानकारी तब मिली, जब जालसाज ने अकाउंटेंट से और 13 लाख रुपए ट्रांजेक्शन कराए। हालांकि 13 लाख रुपए वापस डायरेक्टर के अकाउंट में आ गए हैं। कमल विहार निवासी राठी बंधुस कमर्शियल प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर विजय राठी ने टिकरापारा थाने में ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। कंपनी के डायरेक्टर ने पुलिस को बताया कि अज्ञात जालसाज ने उनकी फोटो का दुरुपयोग करते हुए अपनी वाट्स एप प्रोफाइल में लगाकर उनके अकाउंटेंट लेखराम चक्रधारी को 19 अक्टूबर को वाट्स एप मैसेज भेजकर बैंक में जमा रकम के बारे में जानकारी हासिल की। रकम की जानकारी लेने के बाद 80 लाख रुपए भुगतान करने मैसेज किया।

नियमों की अनदेखी के खिलाफ लगातार कार्रवाई की चेतावनी

न जीपीएस, न पैनिक बटन 170 यात्री बसों का परमिट रद्द

तीन साल की समय-सीमा मिली, फिर भी नहीं लगवाया जीपीएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यात्रियों की सुरक्षा में लापरवाही तथा परिवहन नियमों की अनदेखी करने के मामले में 170 बसों का परिवहन विभाग ने परमिट निरस्त कर दिया है। आरोप है कि बस ऑपरेटरों ने अपनी बसों में जीपीएस और पैनिक बटन नहीं लगाए थे, इसलिए उन बसों का परमिट निरस्त किया गया है। इसकी पुष्टि अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने की है। साथ ही इन सभी को ब्लैकलिस्टेड भी कर दिया गया है। अब ये बसें देशभर और प्रदेश की किसी भी सड़क पर नहीं दौड़ पाएंगी। बस संचालकों द्वारा बगैर जीपीएस और पैनिक बटन के बसों को चलाने की जानकारी मिलने पर परिवहन विभाग द्वारा 3 महीने विशेष अभियान चलाया गया।

हरिभूमि सरोकार

एक नजर आंकड़ों पर

राज्य में कुल बसों की संख्या- 12000

यात्री बसों की संख्या- 4500

स्कूल बसों की संख्या- 6500

ऑल इंडिया टूरिस्ट, प्राइवेट बसों की संख्या- 1000



नियम तोड़ा तो होगी सख्त कार्रवाई

बस मालिकों समेत अन्य पब्लिक ट्रांसपोर्ट से जुड़े वाहन मालिकों को परिवहन विभाग के नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। नियमों तथा सुरक्षा को ताक पर रखकर गाड़ी चलाने वाले वाहन मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिन बस मालिकों का परमिट निरस्त किया गया है। उनके द्वारा परमिट शर्तों का उल्लंघन किया गया है।

- डी. रवि शंकर, अपर परिवहन आयुक्त

बस संचालन होने पर करेंगे जब्त

जिन बसों का परमिट निरस्त किया गया है, उन बसों के संचालन पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। इन बसों को संचालित करते पाए जाने पर उन्हें जब्त कर कार्रवाई की जाएगी और बस मालिक पर 10 हजार रुपए जुर्माना तथा 6 महीने की सजा का प्रावधान है।

वीएलटीडी जरूरी

बसों में अनिवार्य रूप से वीएलटीडी, पैनिक बटन लगाने का प्रमुख कारण यह भी है कि बस परमिट के हिसाब से अपनी टाइमिंग में तय रूट पर चल रही है कि नहीं, इसका लाइव लोकेशन परिवहन विभाग के अधिकारियों को मिलता रहता है। कई बस ऑपरेटर परमिट शर्तों का उल्लंघन करने अपनी बसों में वीएलटीडी को बंद कर देते हैं।

सुरक्षा के साथ खिलवाड़

वीएलटीडी सिर्फ एक डिवाइस नहीं, यात्रियों की सुरक्षा की गारंटी है। पिछले साल कवर्धा में एक बस हादसे में जीपीएस नहीं होने से 3 घंटे तक पता ही नहीं चला कि बस कहां है। बस में वीएलटीडी होने पर 5 मिनट में लोकेशन मिल जाता। वहीं महिला सुरक्षा के लिए पैनिक बटन सबसे जरूरी है। बटन दबाते ही 112 पर कॉल चला जाता है और नजदीकी थाने व आरटीओ कंट्रोल रूम को बस का लाइव लोकेशन मिल जाता है।

तीन माह तक चलाया गया मेगा अभियान

शासन के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट की गाड़ियों में वीएलटीडी लगाने जुलाई से सितंबर तक प्रदेशभर में मेगा अभियान चलाया गया। उड़नदस्ता टीम और आरटीओ द्वारा रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़, जगदलपुर, अंबिकापुर नेशनल हाईवे पर बसों को रोककर चेक किया गया। इस दौरान कई खामियां पाई गईं।

- *412 बसों में जीपीएस लगा ही नहीं था*
- *210 बसों में जीपीएस लगा था, पर वह बंद था*
- *85 बसों में पैनिक बटन था, पर काम नहीं कर रहा था*

इस दौरान चालानी कार्रवाई कर पहले चरण में 300 बसों को 15 दिन की मोहलत देते हुए अंतिम नोटिस जारी किया गया। उनमें से 140 बसों ने तुरंत जीपीएस लगवाकर पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करा लिया, लेकिन 170 बस मालिकों ने नोटिस की अनदेखी की, जिसके बाद उन बसों का परमिट रद्द करने की कार्रवाई की गई।

गार्ड को बंधक बनाकर आधा दर्जन बदमाश 12 लाख के कॉपर वायर ले गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हाई सिक्यूरिटी, कड़ी सुरक्षा के बीच एक बंद फैक्ट्री में आधा दर्जन से ज्यादा बदमाशों ने उत्पात मचाते हुए गार्ड को बंधक बना लिया और आठ सौ किलो कॉपर वायर काटकर ले गए। घटना बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात की है। हरकत सीसीटीवी में कैद न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए आरोपियों ने फैक्ट्री के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरा को नुकसान पहुंचाया और डीवीआर साथ ले गए। घटना कबीर नगर थाना क्षेत्र के हीरापुर की है। पुलिस के अनुसार अमरनाथ इस्पात फैक्ट्री में घटना दिनांक को रात 1.30 बजे के करीब सात से आठ बदमाश घुसे।

- पुलिस ने डकैती की धारा जोड़ कर अपराध दर्ज किया

चार घंटे तक उत्पात मचाते रहे

गार्ड के बताए अनुसार फैक्ट्री में डाका डालने आए आरोपी तड़के पांच बजे तक फैक्ट्री के अंदर उत्पात मचाते रहे। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक आरोपियों ने कॉपर वायर ले जाने गाड़ी दूर खड़ी की थी। उन लोगों ने कॉपर वायर को काटने के बाद बारी-बारी से उसे ढोकर गाड़ी में ले जाकर लोड किया।

पुलिस को मिले सीसीटीवी फूटेज

पुलिस के दावों के मुताबिक डकैती डालने वाले बदमाशों का एक जगह महत्वपूर्ण सीसीटीवी फूटेज मिला है, जिसमें बदमाशों के टाटीबंध की तरफ जाने का फूटेज है। पुलिस को आशंका है कि बिलासपुर से आए बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया है। बदमाश आउटर से निकलकर टाटीबंध के रास्ते बिलासपुर रोड पकड़कर भागे हैं।

जाते-जाते गार्ड को पांच सौ रुपए दे गए

गार्ड ने पुलिस को बताया है कि घटना को अंजाम देने के बाद बदमाशों ने उसे बंधनमुक्त कर दिया। साथ ही शोर मचाने तथा किसी को घटना की जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद जाते-जाते बदमाशों ने गार्ड को अपना मुंह बंद रखने पांच सौ रुपए भी दिए। बदमाशों के जाने के एक घंटे बाद गार्ड ने घटना की जानकारी अपने मालिक तथा पुलिस को दी।

छुट्टी लिए बगैर विदेश यात्रा, तहसील के क्लर्क के खिलाफ होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के आरंग तहसील में पदस्थ एक बाबू के बिना अवकाश स्वीकृत कराए विदेश यात्रा पर जाने के मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। क्षेत्र की एसडीएम अभिलाषा पैकरा के यहां से ट्रांसफर किए जाने के बाद उनकी जगह आए एसडीएम रवि सिंह ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है, इसकी वे जांच कराएंगे। बिना अनुमति बाबू का विदेश यात्रा पर जाना अपर कलेक्टर मनीष मिश्रा और कर्मचारियों के बीच विवाद का कारण बन गया है। सूत्रों से पता चला कि बाबू स्वास्थ्य खराब होने का बहाना बनाकर बिना अवकाश स्वीकृत कराए सिंगापुर यात्रा पर गया था।



छुट्टी लेकर सिंगापुर घूम आया बाबू, अब जांच अफसर पर मारपीट का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के आरंग तहसील में पदस्थ एक बाबू के बिना अवकाश स्वीकृत कराए विदेश यात्रा पर जाने का मामला अपर कलेक्टर मनीष मिश्रा और कर्मचारियों के बीच विवाद का कारण बन गया है। सूत्रों से पता चला कि बाबू स्वास्थ्य खराब होने का बहाना बनाकर बिना अवकाश स्वीकृत कराए सिंगापुर यात्रा पर गया था। लौटने के बाद जब इसकी जानकारी अपर कलेक्टर को हुई, तो उन्होंने बाबू को कलेक्टोरेट स्थित अपने दफ्तर बुलाया और उसकी जमकर क्लास ली। इधर अपर कलेक्टर की डांट खाने के बाद बाबू ने कलेक्टोरेट कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों को जानकारी दी कि अपर कलेक्टर ने फटकार लगाने के ▶▶| शेष पेज 7 पर

खास खबर

तहसीलदार से जांच कराई जा रही

कर्मचारी बिना अवकाश स्वीकृत कराए सिंगापुर यात्रा पर गया, इसकी शिकायत आई है, जिसकी तहसीलदार से जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी जाएगी, जिस पर वे निर्णय लेंगे।

- अभिलाषा पैकरा, एसडीएम आरंग

जांच कराएंगे

बिना छुट्टी स्वीकृत कराए बाबू की विदेश यात्रा के संबंध में जानकारी मिली है। इसकी जांच कराएंगे।

- रवि सिंह, एसडीएम आरंग

अधिकारी के खिलाफ कलेक्टर से मौखिक शिकायत

इस घटना के बाद बाबू की शिकायत पर कलेक्टोरेट कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से मिलकर अपर कलेक्टर के खिलाफ शिकायत की थी। इस शिकायत में मौखिक रूप से कलेक्टर को अवगत कराया गया था कि अपर कलेक्टर ने बाबू को फटकार लगाने के साथ उस पर हाथ भी उठाया है। हालांकि अपर कलेक्टर ने इस आरोप से इंकार किया था। उन्होंने यह जरूर कहा था कि बाबू बिना अनुमति छुट्टी के विदेश यात्रा पर गया था, इस वजह से उन्होंने उसे फटकार लगाई।



नायब तहसीलदार ने सड़क पर काटा केक

रायपुर। एक नायब तहसीलदार का सड़क पर केक काटने और आतिशबाजी करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस वीडियो में केक काटने वाले नायब तहसीलदार का नाम विपिन बिहारी पटेल बताया जा रहा है, जो सड़क पर गाड़ी रोककर केक काट रहा है। केक कार की डिक्की में रखा हुआ है, जो गुब्बारों से सजा हुआ है। केक काटने के दौरान गाना भी बज रहा है। केक काटने के दौरान आतिशबाजी भी की गई। इस वीडियो के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर इसकी चर्चा होने लगी है। इधर वायरल वीडियो को लेकर अब नायब तहसीलदार पर कार्रवाई की गाज गिरने की संभावना जताई जा रही है।

ओला इलेक्ट्रिक की तीन हजार गाड़ियों का पंजीयन लंबित

ईवी सब्सिडी के आवेदन नहीं करने पर ओला को परिवहन विभाग का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

परिवहन विभाग द्वारा ओला इलेक्ट्रिक, छत्तीसगढ़ के संबंध में वाहन पंजीयन एवं इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की सब्सिडी से संबंधित प्रकरणों को गंभीरता से लिया गया है। कंपनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन हजार से ज्यादा गाड़ियों का पंजीयन लंबित है। इसके अतिरिक्त, बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक गाड़ियों के लिए निर्धारित ईवी सब्सिडी के लिए आवेदन भी प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। इसके कारण संबंधित वाहन स्वामियों को शासन की सब्सिडी योजना का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। उक्त मामलों में कंपनी द्वारा अपेक्षित कार्यवाही नहीं किए जाने एवं पंजीयन तथा सब्सिडी संबंधी प्रक्रियाओं में लापरवाही को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग द्वारा मोटरयान अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के तहत कंपनी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। कंपनी को निर्धारित समय-सीमा में अपना पक्ष प्रस्तुत करने तथा लंबित मामलों के संबंध में आवश्यक स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वाहन पंजीयन एवं सब्सिडी से संबंधित प्रक्रियाओं का समय पर पालन सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। निर्धारित समय-सीमा में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने अथवा नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर कंपनी के खिलाफ प्रचलित नियमों के अनुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।




DIWALI & KARWACHAUTH SPECIAL EDIT
LUXURY FASHION FESTIVE VIBES ENDLESS CHOICES
200+ EXHIBITORS ACROSS INDIA
sutraa™
Indian Fashion Exhibition
23•24•25
OCTOBER 2026 | 10AM - 9PM
OPENS TODAY
BABYLON INTERNATIONAL
VIP CHOWK OPP. RAM MANDIR
RAIPUR
COUTURE WEAR | COSTUME | ADORNMENT | DECOR | HIGH HEELS | ACCESSORIES | FABRICS | HOME | FINE JEWELLERY
+91 98312 29017 | 9831852008

पैन इंडिया रेल जनसंवाद में यात्रियों-दुकानदारों से अधिकारियों ने की बातचीत, समस्याएं बताने के साथ दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अंतर्गत रायपुर मंडल में विशेष अभियान 6.0 के अंतर्गत गुरुवार को रायपुर सहित मंडल के 36 रेलवे स्टेशनों एवं 7 रेलवे उपक्रमों में एक दिवसीय पैन इंडिया रेल जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रम के तहत रेल मंडल अधिकारियों ने यात्रियों के साथ आम लोगों एवं दुकानदारों से भी सीधे बातचीत की।

खास खबर

इस दौरान सभी ने रेलवे स्टेशनों एवं यात्रा के दौरान होने वाली समस्याओं की जानकारी देते हुए सुझाव भी दिए। इधर रेल अधिकारियों ने जनसंवाद के दौरान यात्रियों की अपेक्षाओं को समझना, उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी पहल करना तथा रेलवे सेवाओं को अधिक सुविधाजनक, जवाबदेह और यात्री-केंद्रित बनाने पर जोर दिया, जिससे रेलवे की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जा सके।

रायपुर मंडल अंतर्गत 36 रेलवे स्टेशनों एवं 7 रेलवे उपक्रमों में हुआ सीधा संवाद

मंडल रेल प्रबंधक ने की यात्रियों से बातचीत

मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने रायपुर एवं दुर्ग रेलवे स्टेशन पर रेल जनसंवाद कार्यक्रम में भाग लेते हुए यात्रियों, युवाओं और स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने स्थित दुकानदारों से सीधे संवाद किया। उन्होंने दुकानदारों से अपनी दुकानों के सामने स्वच्छता बनाए रखने तथा कचरा नहीं फैलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने कचरे के प्रति स्वयं जिम्मेदारी लेनी चाहिए और कम से कम कचरा उत्पन्न करने वाली जीवनशैली अपनानी चाहिए। उन्होंने रेलवे परिसर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।



यात्रियों के सुझावों एवं शिकायतों पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश

रेल प्रबंधक ने यात्रियों की समस्याओं, सुझावों और अनुभवों को सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए है। उन्होंने यात्रियों को रेलवे एप, नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम (एनटीइएस) और ट्रेन परिचालन से संबंधित उपयोगी जानकारियां भी दी। उन्होंने कहा कि यात्रियों के सुझाव रेलवे स्टेशनों को स्वच्छ, सुविधाजनक एवं बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

प्लास्टिक मुक्त परिसर एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता

कार्यक्रम के दौरान यात्रियों को सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग नहीं करने तथा इनके स्थान पर कपड़े के थैलों का उपयोग करने जागरूक किया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यात्रियों को कपड़े के थैलों का वितरण भी किया। कार्यक्रम कोचिंग डिपो-दुर्ग, पीपी याई-भिलाई, मंडल रेलवे चिकित्सालय-रायपुर, डीजल लोको शेड-रायपुर, इलेक्ट्रिक लोको शेड-भिलाई, मेमू शेड-भिलाई एवं उप मंडल रेलवे चिकित्सालय-भिलाई सहित विभिन्न रेलवे परिसरों में आयोजित की गईं। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुस्कर विपुल विलासराव, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर समरकर सहित रायपुर रेल मंडल के अन्य अधिकारी, संबंधित स्टेशन प्रबंधक, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक एवं रेलकर्मी उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाजसेविका शुभांगी आप्टे तथा स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य महेंद्र कुमार बागडोदिया भी उपस्थित रहे।

करम पूजा परब 27 को, सीएम होंगे शामिलः रायपुर। उरांव (सरना) आदिवासी विकास संघ द्वारा 27 अक्टूबर को करम पूजा परब 2026 का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम रोहिणीपुरम स्थित शबरी कन्या आश्रम में शाम 6 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी संघ के अध्यक्ष बिंधेश्वर राम भगत ने देते हुए बताया कि रात्रि 9 बजे से करम लोकनृत्य प्रातः विसर्जन तक जारी रहेगा।

निधन

भगवती कुमारी नायडू



रायपुर। श्याम नगर निवासी भगवती कुमारी नायडू का 22 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे गोविंद राव एवं रत्ना कुमारी की माता थीं।

शिव कुमार झा



रायपुर। रायपुर निवासी अधिवक्ता शिव कुमार झा (80) का 22 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 23 अक्टूबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे शुभांशु, हिमांशु और वाणी के पिता और सविता झा के पति एवं शारदेंदु झा के बड़े भाई थे। उनके निधन पर मैथिल ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं विजय कुमार झा ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

माता साहिब के आध्यात्मिक, सामाजिक और मानवीय योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिया गया

हासी देवी पर राष्ट्रपति ने जारी किया 200 रुपए का स्मारक सिक्का

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोक भवन में पूज्य माता साहिब हासी देवी की 200वीं जयंती के अवसर पर उनके सम्मान में 200 रुपए का स्मारक सिक्का जारी किया। इस पहल के माध्यम से माता साहिब के आध्यात्मिक, सामाजिक और मानवीय योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिया गया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, इंदौर के सांसद शंकर लालवानी, रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल तथा शदाणी दरबार के नौवें पीठाधीश संत डॉ. युधिष्ठिरलाल सादाणी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



सेवा और मानवता की मिसाल थीं माता साहिब

पूज्य माता साहिब हासी देवी शदाणी दरबार की पांचवीं पीठाधीश थीं। वे अपनी सेवा भावना, करुणा और मानवता के प्रति समर्पण के लिए जानी जाती हैं। ब्रिटिश शासन के दौरान उन्होंने लोगों की सहायता और रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका जीवन निःस्वार्थ सेवा, सामाजिक सद्भाव और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पण का संदेश देता है। उनके जीवन का मूल संदेश था कि सेवा ही सच्ची साधना है और मानवता ही ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग है। उनके आदर्श आज भी लोगों को समाजसेवा और परोपकार के लिए प्रेरित करते हैं।

चार धातुओं से बना है स्मारक सिक्का

200 रुपए के इस स्मारक सिक्के का बाहरी व्यास 44 मिलीमीटर और मानक वजन 35 ग्राम है। यह चार धातुओं की मिश्रधातु से तैयार किया गया है। इसमें 50 प्रतिशत चांदी, 40 प्रतिशत तांबा, 5 प्रतिशत निकेल और 5 प्रतिशत जस्ता शामिल हैं। सिक्के के एक तरफ अशोक स्तंभ का सिंह शीर्ष, 'भारत' और 'इंडिया' शब्द, रुपये का प्रतीक तथा अंकित मूल्य दर्शाया गया है। दूसरी तरफ पूज्य माता साहिब हासी देवी की छवि अंकित है, जो उनकी 200वीं जयंती और शदाणी दरबार की आध्यात्मिक विरासत को सम्मानित करती है।

महिला सशक्तीकरण और सेवा परंपरा को सम्मान

माता साहिब हासी देवी के सम्मान में स्मारक सिक्का जारी करना उनके आध्यात्मिक और सामाजिक योगदान को स्मरण करने का अवसर है। यह पहल समाज निर्माण में महिलाओं की भूमिका, महिला सशक्तीकरण और निःस्वार्थ सेवा की परंपरा को भी रेखांकित करती है। यह स्मारक सिक्का आने वाली पीढ़ियों को माता साहिब के जीवन और आदर्शों से परिचित कराने के साथ करुणा, मानवता और सामाजिक सद्भाव के मूल्यों को आगे बढ़ाने का संदेश देता है।

भाजपा बोली- कांग्रेस न राष्ट्रपति का सम्मान करती है, न संविधान और न्यायपालिका का

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा, कांग्रेस का चरित्र सदैव से भारतीय परम्पराओं और देश की सर्वोच्च संवैधानिक संस्थाओं के विरुद्ध रहा है। भारत की सनातन परंपरा 'अतिथि देवो भवः' की रही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज इस परंपरा को स्वीकार करने से क्यों कतराते हैं। श्री ठाकुर ने कहा, देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का बस्तर दौरा पूरे छत्तीसगढ़, समस्त प्रदेशवासियों और विशेषकर आदिवासी व जनजातीय समाज के लिए अत्यन्त सौभाग्य और गर्व का विषय है। ऐसे अवसर पर राष्ट्रपति का हृदय से स्वागत करने के बजाय कांग्रेस का जो नकारात्मक रुख सामने आ रहा है, वह अत्यन्त निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है।





हरिभूमि

रायपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



सिटी इवेंट

घर पर फूल, ताजी सब्जियां उगाने विशेषज्ञों ने बागवानी प्रेमियों को बताए आधुनिक तरीके



रायपुर। बैक टू नेचर सोसाइटी द्वारा "सर्दियों की बगिया-फूलों और सब्जियों की वैज्ञानिक बागवानी" विषय पर विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन सैनिक कल्याण भवन में आयोजित हुई। इसमें सैकड़ों प्रकृति प्रेमियों ने भाग लिया और घर पर फूल एवं ताजी सब्जियां उगाने की आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में डॉ. जितेंद्र त्रिवेदी, विभागाध्यक्ष, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय एवं शशांक दीक्षित, हॉर्टिकल्चरिस्ट, जिंदल ने मिट्टी की तैयारी, पौधों की देखभाल, पोषण तथा कीट एवं रोग नियंत्रण के वैज्ञानिक तरीके बताए।

घर-आंगन में खिलेंगे फूल, लहलहाएंगी ताजी सब्जियां-बैक टू नेचर सोसाइटी की अनूठी पहल

रोग नियंत्रण के बताए वैज्ञानिक तरीके

वहीं डॉ. विजय जैन एवं डॉ. अनिल चौहान ने प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान किया। इस अवसर पर दलजीत बग्गा, डॉ. एआर दल्ला, राम खटवानी, सुरेश बानी, नूपुर परगनिया, मनीषा त्रिवेदी, प्रियंका सिन्हा सहित सैकड़ों प्रकृति प्रेमियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में फूलों एवं सब्जियों के पौधों का निःशुल्क वितरण कर लोगों को अपने घरों, छतों और बालकनियों में बगिया विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सोसाइटी के अध्यक्ष मोहन वर्ल्यानी एवं सचिव निर्भय धाड़ीवाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

● दिवाली होम डेकोरेशन के लिए इलेक्ट्रॉनिक लाइट्स का बाजार सजा, कोलकाता और चेन्नई से पहुंचा स्टॉक

बिजली बचाने वाली ब्लूटूथ कस्टमाइज्ड और रिमोट कंट्रोल लाइट्स, म्यूजिकल झूमर, दीए से भी जगमगाएगा आशियाना



दिवाली होम डेकोरेशन के लिए इलेक्ट्रॉनिक लाइट्स की बाजार सज चुकी है। इस साल पारंपरिक दीपों के साथ-साथ बाजार में नए ट्रेंड्स और स्मार्ट इलेक्ट्रॉनिक लाइट्स की भारी मांग देखी जा रही है। होम डेकोरेशन के लिए लोग बजट-फ्रेंडली और आकर्षक लाइट्स को सबसे ज्यादा तवज्जो दे रहे हैं। दीपावली की त्योहार में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में लोग अपने घरों के साज-सजावट में जुटे गए हैं।







रायपुर। दीपों के पर्व पर हर किसी को अपने घर-आंगन से लेकर पूजा घर, गार्डन सभी जगहों पर खास थीम बेस्ड आकर्षक रोशनी की सजावट करने की चलन हैं। इसके चलते अभी से ही शहर के प्रमुख होम डेकोरेटिव इलेक्ट्रॉनिक्स लाइट्स की दुकानों पर बजट और थीम बेस्ड इलेक्ट्रॉनिक्स लाइट्स की खरीदारी शुरू कर दिए हैं। रोशनी का महापर्व आते ही बाजारों की रौनक चार गुना बढ़ गई है। इस साल इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में पारंपरिक दीयों के साथ-साथ इस बार डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक लाइट्स का दबदबा है। बाजारों में इस समय कोलकाता और चेन्नई से पहुंचा अनोखा सजावटी सामान ग्राहकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बन रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स डेकोरेटिव सामानों के थोक व चिल्हर विक्रेता व्यापारियों को इस बार अच्छे मुनाफे की उम्मीद है। व्यापारियों ने बताया कि इस बार कोलकाता और चेन्नई से जो स्टॉक आया है, उसकी फिनिशिंग और वैरायटी कमाल की है। लोग कम बिजली खपत वाली और टिकाऊ लाइट्स को प्राथमिकता दे रहे हैं।

कोलकाता से विशेष रूप से कपड़े, बांस और जूट से बनी पारंपरिक लालटेन बहुरंगी एलईडी लड़ियां

कांदुल रोड स्थित गजाधर राम साहू इलेक्ट्रॉनिक्स एंड फर्नीचर शॉप के संचालक ने बताया कि इस साल देशी मैन्युफैक्चरिंग जैसे कोलकाता और चेन्नई के प्रोडक्ट्स ने बाजार पर कब्जा कर लिया है। कोलकाता से विशेष रूप से कपड़े, बांस और जूट से बनी पारंपरिक लालटेन, झूमर और बहुरंगी एलईडी लड़ियां पहुंची हैं, जो घरों को एथनिक लुक देती हैं। चेन्नई से आई इलेक्ट्रॉनिक लाइट्स में तकनीक का शानदार इस्तेमाल है। इनमें वाटरप्रूफ पिक्सल लाइट्स, ब्लूटूथ से चलने वाली कस्टमाइज्ड लाइट्स और रिमोट कंट्रोल वाले डेकोरेटिव लैंप्स शामिल हैं।

सिटी के लाइट मार्केट्स जहां सबसे ज्यादा रौनक

दिवाली डेकोरेशन के लिए शहर के प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स बाजारों और दुकानें एमजी रोड, गुरु नानक चौक से लेकर जय स्तंभ चौक, शारदा चौक, जवाहर नगर, बंजारी रोड, फाफाडीह और पचपेड़ी नाका स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों पर थोक दरों पर झालर, रोप लाइट, डिस्को और डीजे लाइट्स की सैकड़ों वैरायटी की स्टॉक्स पहुंची हुई है। यहां पर प्रीमियम और मॉडर्न इंटीरियर-एक्सटीरियर लाइटिंग काफी लोकप्रिय है। इन बाजारों में बेहतरीन आर्किटेक्चरल और होम डेकोरेशन लाइट्स की बड़ी रेंज देखने को मिल रही है।

क्वालिटी और थीम के अनुसार कीमत

शहर के स्थानीय बाजारों में सामान्य सजावटी रोशनी की औसत लागत डिजाइन और प्रकार के आधार पर 50 से लेकर 5,000 तक जाती है। जहां साधारण झालर 20-100 में उपलब्ध हैं, वहीं फैंसी वॉल लाइट्स, हैंगिंग लैंप्स और झूमर 500 से 4,000 की रेंज में उपलब्ध हैं। शहर के थोक बाजारों में मात्र 20 से 35 रुपए की शुरुआती कीमत पर आकर्षक झालर और एलईडी लड़ियां उपलब्ध हैं, जो मध्यमवर्गीय परिवारों की पहली पसंद बनी हुई हैं। घरों को फैंसी लुक देने के लिए आर्टिफिशियल फूलों वाली एलईडी लड़ियों और बजट-फ्रेंडली झूमर्स की बिक्री काफी बढ़ गई है। वहीं पारंपरिक तोरण की जगह इस बार लाइट वाले फैंसी तोरण और 8 अलग-अलग फ्लैशिंग मोड्स वाले एलईडी दीया कर्टन्स की जबरदस्त डिमांड है।

सिटी इवेंट

स्क्रीन बेस्ड स्टडी और मनोरंजन से धीरे-धीरे लत की ओर बढ़ रहे बच्चे



रायपुर। बच्चों के लिए मोबाइल स्क्रीन की लत बिल्कुल ड्रग एडिक्शन यानी नशीली दवाओं की तरह होती है, जो दिमाग पर पूरी तरह काबू कर लेती है और फिर इनके आवरण से बच्चे खुद को बाहर निकाल ही नहीं पाते। ये कहना है शहर के जाने-माने मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. मिथुन दत्ता का। वे बताते हैं कि पिछले 5 सालों में, विशेषकर कोरोनाकाल के बाद बच्चों में स्क्रीन एडिक्शन के मामलों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी देखने को मिली है। इसकी वजह स्क्रीन बेस्ड स्टडी और मनोरंजन है, जिससे धीरे-धीरे बच्चे इस लत की ओर बढ़ते चले जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में क्लिनिक में जो टीन एज स्क्रीन एडिक्शन के मामले आ रहे हैं, उनमें ज्यादातर पैरेंट्स की प्रॉब्लम रहती है कि उनके बच्चे रात-रातभर घंटों मोबाइल गेम खेलते रहते हैं, मना करने पर अत्याधिक गुस्सा करते हैं, और तो और स्कूल नहीं जाने की जिद पकड़ लेते हैं। वहीं जिला अस्पताल पंडरी के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अविनाश शुक्ला का कहना है कि स्क्रीन एडिक्शन के जो केसेस देखने को मिल रहे हैं, उनमें पैरेंट्स बच्चों के स्क्रीन एडिक्शन पर बहुत ज्यादा देर से रिएक्ट कर रहे हैं। जब बच्चों का व्यवहार उनके लिए परेशानी का सबब बनने लगा है। ये भी बच्चों के एडिक्ट होने का एक बड़ी वजह बन रहा है।



फिजिकल एक्टिविटी की ओर प्रेरित करने दे रहे सुझाव

विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बताया कि क्लिनिक में पहुंच रहे पैरेंट्स को काउंसिलिंग के बाद अपने बच्चों को फिजिकल एक्टिविटी के लिए प्रेरित करने की सलाह दे रहे हैं। पैरेंट्स को अगर बच्चों को स्क्रीन एडिक्शन से बचाना है तो इसकी शुरुआत उन्हें ही करनी होगी। एडिक्ट होने की स्टार्टिंग से पहले ही बच्चों का पैरेंट्स ध्यान रखें और उन्हें फिजिकल एक्टिविटी की ओर प्रेरित करें, क्योंकि बच्चों को आउटडोर स्पोर्ट्स यानी खेलकूद स्वाभाविक तौर पर पसंद होते हैं। पैरेंट्स स्वयं भी बच्चों के सामने मोबाइल का उपयोग करने से बचें। वहीं जरूरी होने पर ही बच्चों को अपने निगरानी में बेहद सीमित समय के लिए ही स्क्रीन का उपयोग करने दें।

बच्चे सबसे अधिक शिकार

मनोरोग विशेषज्ञों का मानना है कि सोसायटी में तेजी से 7 से 14 आयुवर्ग के बच्चे स्क्रीन एडिक्शन का शिकार हो रहे हैं। क्लिनिक में वर्तमान में जो केसेस आ रहे हैं, उनमें टीन एज के ही केसेस अधिक हैं, जो ऑनलाइन गेमिंग की लत में अपने आप को भुला दे रहे हैं। ऐसी स्थिति नई जनरेशन के लिए बेहद ही हानिकारक है। इसके लिए सोसायटी में डिजिटल एडिक्शन जागरूकता की आवश्यकता है।

गर्ल्स में लाइट वेट सिल्वर ज्वेलरी में एंकलेट, पायल, टॉप्स और ब्रेसलेट का क्रेज

रायपुर। वुमन्स में सिल्क, मिनिमल और कम्फर्टेबल डिजाइन ज्वेलरी काफी ट्रेंड कर रहा है। आजकल की वुमन्स को हैवी नहीं, बल्कि लाइट वेट ज्वेलरी से सजना-संवरा भा रहा है। यही वजह है कि शहर की ज्वेलरी शॉप में लाइट वेट सिल्वर ज्वेलरी में खासतौर पर एंकलेट, पायल में ऐसे डिजाइन तैयार किए जा रहे हैं, जो ऑफिस, कॉलेज और डेली वियर तीनों में परफेक्ट बैठे। इसी ट्रेंड को ध्यान में रखते हुए स्लीक सिल्वर एंकलेट डिजाइंस वर्किंग लेडीज से लेकर यंग गर्ल्स तक की पहली पसंद बन रही है। ये कम बजट में आपको बेस्ट डिजाइंस ऑप्शन देते हैं। सदर बाजार में नए साल में वुमन्स टूर और पिकनिक के लिए बेस्ट सिल्क, मिनिमल और कम्फर्टेबल डिजाइन ज्वेलरी की तलाश में पहुंच रही हैं। ज्वेलरी कारोबारियों ने बताया कि आजकल चाहे सिल्वर हो या फिर गोल्ड, महिलाएं और गर्ल्स लाइट वेट ज्वेलरी व डिजाइन ही कैरी कर रही हैं। वहीं, डिमांड की बात करें तो कम बजट के हिसाब से लाइट वेट ज्वेलरी ही अधिक बिक रही है। ऐसे में वुमन्स के लिए सिल्वर और गोल्ड में लाइट वैट ज्वेलरी की डिमांडिंग ज्वेलरी पैटर्न को डिजाइन किया जा रहा है।





इंडो-वेस्टर्न आउटफिट्स के साथ परफेक्ट लुक

इस एंकलेट में सिल्वर वायर को हल्के ट्विस्ट या रोप पैटर्न में डिजाइन किया जाता है। बिना चार्म या बीड्स के भी ये बहुत ही प्रीमियम लुक देती है। बहुत ही स्लीक, लेकिन स्टाइलिश चाहिए तो ऐसे ऑप्शन चुनने चाहिए। इंडो-वेस्टर्न आउटफिट्स के साथ बहुत ही आसानी के साथ मैच हो जाते हैं। इससे वुमन्स की सुंदरता में चार चांद लग जाता है।

ये कम बजट में बेस्ट डिजाइंस ऑप्शन

कम बजट में बेस्ट सिल्वर ज्वेलरी डिजाइंस ऑप्शन में टॉप्स एक बेहतर ऑप्शन है। आजकल सिंपल सिल्वर के अलावा आर्टिफिशियल डायमंड वर्क ईयररिंग्स भी काफी ट्रेंड में है। यह फूल और कई दूसरे यूनिक डिजाइन के साथ ही कम बजट में आसानी से उपलब्ध है। चांदी में लाइट वेट में सिंपल कंगन स्टाइल और कई डिजाइन में पसंद किए जा रहे हैं। वहीं, आर्टिफिशियल डायमंड स्टाइल के ब्रेसलेट काफी ट्रेंड में हैं।

पंथी-पंडवानी महासम्मेलन कल, कलाकार होंगे शामिल

रायपुर। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोककला और सांस्कृतिक विरासत को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 24 अक्टूबर को अहिवारा के बानबरद कॉलेज ग्राउंड में अंतरराष्ट्रीय कलाकार दिवस व सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले इस आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पंथी और पंडवानी के कलाकार शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की झलक पेश करेंगे। पद्मश्री डॉ. ऊषा बारले ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि आयोजन के तहत पंडवानी महासम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू करेंगे। समारोह में मंत्री राजेश अग्रवाल और गजेंद्र यादव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विजय बघेल, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, ललित चंद्राकर और रिकेश सेन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे और अहिवारा नगर पालिका अध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। डॉ. ऊषा बारले ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य प्रदेश के लोक कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देना और पंथी तथा पंडवानी जैसी पारंपरिक लोककलाओं को प्रोत्साहित करना है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आने वाले कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के जरिए छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को सामने रखेंगे।

रंग मंदिर में 10 दिवसीय नटवर गोपीकृष्ण राष्ट्रीय पुरस्कार एवं नृत्यानंद लहरी उत्सव

भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी नृत्य से 270 प्रतिभागियों ने बांधा समां, आनंद से झूम उठे दर्शक

कार्नर न्यूज



रंग मंदिर में 19वां एआईडीए नटवर गोपीकृष्ण नेशनल अवाइर्स एवं नृत्यानंदलहरी फेस्ट-2026 में शास्त्रीय नृत्य कला आकर्षण का केंद्र बन रहा है। गुरुवार को इस 10 दिवसीय फेस्ट के सातवें दिन 270 शास्त्रीय नृत्य कला में निपुण प्रतिभागियों ने अद्भुत भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी नृत्य की प्रस्तुति से समां बांधा। देश भर से पहुंचे प्रतिभागियों की शास्त्रीय नृत्य कला की प्रतिभा देख दर्शक झूम उठे।

प्रभावशाली नृत्यशैली का सुंदर प्रदर्शन

सातवें दिन लगभग 270 नृत्य कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से मंच को जीवंत बना दिया। दिनभर चले कार्यक्रमों में कथक नृत्य की विशेष धूम रही। हैदराबाद की सी. ज्योति शेखर तथा रायपुर की लक्ष्मी के मार्गदर्शन में प्रस्तुत कुचिपुड़ी नृत्य ने भी दर्शकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। कलाकारों ने कुचिपुड़ी की चपलता, जटिल पद संचालन, भावाभिव्यक्ति और प्रभावशाली नृत्य शैली का सुंदर प्रदर्शन किया। इन प्रस्तुतियों ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य की विविधता और कलात्मक समृद्धि को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।





रायपुर। कला प्रतिभागियों ने भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी नृत्य में पैरों की थाप और भाव भंगिमाओं का शानदार प्रयोग से हर किसी का मन जीत लिया।

आयोजन के प्रत्येक प्रस्तुति में भारतीय शास्त्रीय नृत्य की विशिष्ट शैली, परंपरा और आध्यात्मिक भावनाओं की सुंदर झलक देखने को मिली। युवा एवं बाल कलाकारों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने यह संदेश दिया कि भारतीय शास्त्रीय नृत्य की परंपरा नई पीढ़ी के बीच निरंतर विकसित हो रही है। इस नृत्य प्रतियोगिता के मूल्यांकन के लिए विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित कला विशेषज्ञों को निर्णायक मंडल उपस्थित रहे। देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने अपनी साधना, भावाभिव्यक्ति, लयकारी, पद संचालन और नृत्य कौशल के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार तथा नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय, दुर्ग के सहयोग से आयोजित इस प्रतिष्ठित महोत्सव में देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और शास्त्रीय नृत्य परंपराओं का भव्य प्रदर्शन किया जा रहा है।

प्रतिभागियों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

आयोजन में सुबह और शाम दो सत्रों में शास्त्रीय नृत्य कला शैली की प्रस्तुति प्रतिभागी कलाकार दे रहे हैं। सुबह पाली में स्थानीय प्रतिभागी और शाम के समय देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे प्रतिभागी कला प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। नृत्यानंद लहरी उत्सव के संध्या सत्र का प्रमुख आकर्षण डॉ. जी. रतीश बाबू की वरिष्ठ शिष्या सौम्या मेनन की भरतनाट्यम प्रस्तुति रही। उन्होंने अपनी सौंदर्यपूर्ण नृत्य शैली, सटीक अंग संचालन और भावपूर्ण प्रस्तुति से सबका दिल जीत लिया।

समाज लाइव

नशा हमारे स्वास्थ्य और समाज सहित परिवार को बर्बाद कर रहा



रायपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की बहनों ने डब्ल्यूआरएस कालोनी के दशहरा मैदान में रावण दहन से पहले भारी संख्या में मौजूद जन समुदाय को नशा मुक्ति का संदेश देते हुए उससे दूर रहने की प्रतिज्ञा कराई। ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी ने कहा कि हर साल दशहरा में रावण का पुतला बनाकर उसे जलाते है। लेकिन रावण मरता नहीं बल्कि हर साल वह बड़ा होता जा रहा है। इसका कारण यह है कि असली रावण हमारे अन्दर जिन्दा है। उन्होंने कहा कि मनोविकार वह रावण है, जो प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या, नफरत, घृणा, द्वेष, वैर आदि रावण के दस सिर हैं। जब तक इन दसों मनोविकारो पर जीत नहीं पायेंगे, तब तक असली विजयादशमी नहीं मना सकेंगे। अपनी कमजोरियों पर जीत हासिल करना ही मानव मन में बसे रावण की नकारात्मक प्रवृत्तियों को खत्म करने का तरीका है।

उद्देश्यपूर्ण जीवन अपनाने का आव्हान

उन्होंने ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा चलाए जा रहे दस कोटि नशामुक्ति जन प्रतिज्ञा महाअभियान की चर्चा करते हुए कहा कि समाज के लिए नशा एक अभिशाप है। नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता बल्कि परिवार की आर्थिक स्थिति, सामाजिक संबंधों और मानसिक सुख-शांति पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ, अनुशासित और उद्देश्यपूर्ण जीवन अपनाने का आह्वान किया। ब्रह्माकुमारी भावना दीदी ने दशहरा मैदान में लोगों को स्वयं नशा से दूर रहने के साथ दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने के लिए प्रतिज्ञा करवाई। विधायक पुरन्दर मिश्रा, डीआरएम दयानन्द, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, सभापति सूर्यकान्त राठौड़ इस अवसर पर मंचस्थ रहे।

सिटी लाइव

राज्य स्थापना का इस बार भी होगा जलसा, मनाएंगे उत्सव



रायपुर। इतिहास गवाह है समाज जब सड़क पर उतरता है, तब इतिहास का निर्माण होता है। यही है छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण एवं राज जलसा का इतिहास, जिसके लिए छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, छत्तीसगढ़िया समाज, छात्र, महिलाएं, पत्रकार, इतिहासकार, शिक्षक, साहित्यकार एक मंच में आकर लगातार सड़क की लड़ाई लड़ते हुए घर-घर अलख जगाएंगे। छत्तीसगढ़ राज्य बनाना है, का नारा बुलंद किया है। इसमें छत्तीसगढ़ की संस्कृति, छत्तीसगढ़ी भाषा, छत्तीसगढ़ की खनिज संपदा का दोहन छत्तीसगढ़ और देश के विकास के लिए करना प्रमुख मुद्दा बना। इसके चलते 01 नवम्बर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हुआ। इसके लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी को साधुवाद देते हैं। हजारों छत्तीसगढ़ियां, जिन्होंने राज्य निर्माण के लिए संघर्ष किया उन्हें तहेदिल से धन्यवाद देते हैं। राज्य आंदोलनकारी एवं राज जलसा के जनक 31 अक्टूबर और एक नवंबर को 27वां राज्योत्सव मनाएंगे। गुरुवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में अनिल दुबे, दाऊ जीपी चन्द्राकर, वेगेन्द्र सोनबेर और लालाराम वर्मा ने यह जानकारी दी।

आतिशबाजी से सजाएंगे उत्सव होंगे सांस्कृतिक आयोजन

आगे बताया कि 31 अक्टूबर दिन शनिवार को दोपहर एक बजे से शाम 6 बजे तक साहू भवन टिकरापारा में कार्यकर्ता सम्मेलन होगा। राज्य संघर्ष स्थल छत्तीसगढ़ी भवन हांडीपारा में रात 8.30 बजे राजनांदगांव के कलाकार चंदेनी गोंदा की प्रस्तुति देंगे। इसका नेतृत्व महादेव हिरवानी सहित 40 कलाकार करेंगे। इस अवसर पर राज्य सात आंदोलनकारियों का शॉल, श्रीफल, मोमेंटो से सम्मान किया जाएगा। इसमें रायपुर, बलौदाबाजार, कोरबा, कवर्धा, कांकेर के आंदोलनकारी शामिल होंगे। इस क्रम में एक नवंबर को शाम 6.30 बजे से आतिशबाजी का आयोजन समूह बनाकर किया जाएगा। साथ ही छत्तीसगढ़ी भवन आजाद चौक, जयस्तंभ चौक, शहीद वीरनारायण सिंह चौक के साथ अंबेडकर चौक, आचार्य नरेन्द्र दुबे मार्ग लाखेनगर चौक, साहू भवन टिकरापारा और मोतीबाग चौक स्थित प्रेस क्लब के बाहर आतिशबाजी की जाएगी।

आराधना

आज से होगा मराठी मेला का आगाज, हर दिन होगा खास

रायपुर। 91वीं वर्षगांठ पर महाराष्ट्र मंडल में तीन दिवसीय मराठी सोहळा (मेला) का भव्य आगाज शुक्रवार को दोपहर 03:30 बजे किया जाएगा। मराठी मेले के पहले ही दिन रात 08:30 बजे पद्मश्री नाना पाटेकर पर आधारित विशेष कार्यक्रम 'कुछ यादें, कुछ संवाद' विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। उपाध्यक्ष गीता दलाल ने बताया कि पहले दिन दोपहर 2.30 से 3.45 बजे तक खेलकूद, आध्यात्मिक और साहित्य से जुड़े रोचक गेम्स होंगे। वहीं शाम चार से छह बजे तक 17 महिला केंद्रों के कार्यक्रम होंगे। इसके बाद सर्व मराठी समाज और महिलाओं के कार्यक्रम होंगे। शनिवार को मेला सुबह 10 बजे शुरू होगा। दो आयु वर्गों में विभिन्न स्पर्धाओं को जीतने प्रतिभागियों में होड़ मचेगी। इसके साथ भूला बाई अर्थात साक्षात माता पार्वती को समर्पित गीतों पर एक्ट प्रस्तुत किया जाएगा।

वाद-विवाद, नागरिक संवाद से सजेगा आयोजन

इसके साथ दोपहर एक बजे से भाव मराठी की प्रस्तुति होगी। जिसके बाद क्रमशः वरिष्ठजनों और बच्चों के लिए कार्यक्रम होंगे। सर्व छत्तीसगढ़ समाज के बीच संवाद भी होगा। शाम सात बजे से नाटक 'केस नंबर 99' का मंचन किया जाएगा। मराठी सोहळा के अंतिम दिन रविवार को गोंधळ और उसके बाद नागरिक संवाद होगा। दोपहर एक बजे से रिश्तों में नोक झोंक की प्रस्तुति खास होगी। कार्यक्रमों की कड़ी में कॉलेज स्टूडेंट्स के लिए वाद-विवाद और आजीवन सभासदों के लिए मोनो प्ले भी रखा गया है। शाम चार बजे से विभिन्न समितियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। वहीं शाम सात बजे मराठी मेले का समापन समारोह होगा। इसमें तीन दिनों में होने वाली सभी स्पर्धाओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

● श्री श्याम सेवा मंडल सड्डू की पहल पर 12 दिसंबर को होगा भूमिपूजन

सड्डू में सजेगा श्याम बाबा का श्रीधाम, राजस्थान की तर्ज पर 20 हजार वर्गफीट एरिया में आकार लेगा मंदिर

सड्डू क्षेत्र में राजस्थान स्थित श्री श्याम बाबा मंदिर की तर्ज पर दिव्य श्रीधाम सजेगा। इसके लिए खरीदी गई करीब एक एकड़ जमीन में से बीस हजार वर्गफीट एरिया में श्री श्याम खाटू बाबा का दिव्य मंदिर आकार लेगा। श्री श्याम सेवा मंडल सड्डू की पहल पर आगामी 12 दिसंबर को भूमि पूजन के साथ ही मंदिर निर्माण स्थल पर कन्हैया मित्तल, रेशमी शर्मा एवं उनके ग्रुप द्वारा भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही श्री खाटू श्याम मंदिर समिति के मंत्री मानवेन्द्र सिंह चौहान की मौजूदगी में बाबा के श्रीधाम का निर्माण शुरू होगा।



भजन-कीर्तन के लिए रहेगी विशेष व्यवस्था

श्री खाटू श्याम मंदिर निर्माण में भजन-कीर्तन के लिए विशेष व्यवस्था रखने की तैयारी है। जहां सैकड़ों भक्त एक साथ संगीत संध्या का आनंद ले सकेंगे। इसके लिए बड़े हॉल को प्राथमिकता से तैयार किया जाएगा। इसमें आने वाले भक्तों को बैठने के साथ ही हॉल में ही पेयजल, हवा के साथ खुशनुमा वातावरण देने का इंतजाम किया जाएगा। जहां श्याम भक्तों को गीत-संगीत और कीर्तन दरबार सजाने का अवसर मिलेगा। योजना में भजन संध्या के क्रम को बेहतर बनाने के लिए हॉल की दीवारों पर भी श्याम बाबा की आकर्षक कृतियों को संजोने की तैयारी है।



ड्राइंग-डिजाइन के साथ होगा इंटीरियर वर्क

श्री श्याम सेवा मंडल की योजना है कि भूमि पूजन के साथ ही मंदिर का ड्राइंग-डिजाइन और आंतरिक हिस्से में होने वाले इंटीरियर वर्क की रूपरेखा तैयार की जाएगी। यह परिसर भविष्य में भजन-सत्संग, धार्मिक आयोजन, विवाह समारोह, सामाजिक कार्यक्रम, पारिवारिक आयोजन एवं विभिन्न सेवा गतिविधियों के लिए उपयोगी स्थान उपलब्ध कराने का माध्यम बनेगा। मंडल से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंदिर निर्माण में लोग आगे बढ़कर तन, मन, धन से सहयोग के लिए आगे आ रहे हैं। परिसर को भजन-सत्संग, सामाजिक कार्यक्रम, सेवा गतिविधियों एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने के लिहाज से उपयोगी बनाने की तैयारी है। विशाल भवन और खुले परिसर की उपलब्धता से सामाजिक एवं पारिवारिक आयोजन के लिए भी व्यवस्थित स्थान के रूप में विकसित किया जाएगा।

इन आराध्य देवों की प्रतिमाएं होंगी स्थापित

मंडल के अनुसार आने वाले समय में श्याम भक्तों के लिए आस्था, भक्ति, सेवा और सामाजिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र बनने की दिशा में विकसित किया जाएगा। श्री श्याम सेवा मंडल के अनुसार प्रस्तावित मंदिर परिसर बीस हजार वर्गफीट में विकसित किया जाएगा। मंदिर में श्री श्याम बाबा, भोले बाबा, बजरंगबली और श्री गणेश जी की भव्य प्रतिमाएं विराजमान होंगी। मंदिर की परिकल्पना केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं है। इसे एक ऐसे विशाल परिसर के रूप में विकसित करने की योजना है, जहां धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ सामाजिक एवं पारिवारिक आयोजन भी किए जा सकेंगे। इस लिहाज से ही मंदिर परिसर को विकसित करने की योजना है।

रायपुर। विशाल सेवा परिसर का निर्माण करवाने का सपना वर्षों से संजोया जा रहा था। श्री श्याम सेवा मंडल सड्डू की पहल पर सपना साकार होने की दिशा में आगे बढ़ चुका है। श्री श्याम सेवा मंडल ने मंदिर निर्माण के लिए चयनित भूमि की रजिस्ट्री 16 सितंबर 2026 को विधिवत करवाने के बाद अब वहां होने वाले निर्माण की रूपरेखा बनाने का सिलसिला शुरू किया है। प्रस्तावित परिसर में बीस हजार वर्गफीट एरिया में दिव्य श्रीधाम आकार लेगा। लगभग 15,000 वर्गफीट में विशाल एवं सर्व सुविधायुक्त बैंक्वेट हॉल, करीब 60 कमरों की व्यवस्था होगी। इसके साथ ही लगभग 10,000 से 15,000 वर्गफीट एरिया में सुंदर लॉन विकसित करने की योजना है।

इसके साथ ही श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों की सुविधा के लिए पर्याप्त कार्य पार्किंग की सुविधा भी प्रस्तावित हैं। सड्डू में एक भव्य धार्मिक और सामाजिक परिसर का निर्माण होगा।

हिन्दू जनजागृति समिति की रजत जयंती पर 'हिन्दू राष्ट्र का जागरण'

रायपुर। हिन्दू धर्म, संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा के लिए कटिबद्ध 'हिन्दू जनजागृति समिति' ने 11 अक्टूबर को अपने 25वें वर्ष यानी रजत जयंती वर्ष में प्रवेश किया है। सात अक्टूबर 2002 को स्थापित हिन्दू जनजागृति समिति के इस रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में राज्यभर में विभिन्न अभियान, शिविर और 'हिन्दू राष्ट्र स्थापना की प्रतिज्ञा' जैसे कई उपक्रम चलाए जाएंगे।



यह जानकारी हिन्दू जनजागृति समिति के छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र राज्य संगठक सुनील घनवट, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ मंदिर महासंघ के जिला संयोजक मदनमोहन उपाध्याय, सर्व समाज के मेघनाथ यादव, हिन्दू राष्ट्र समन्वय समिति के संयोजक आशीष शर्मा और रोहित तिरंगा उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि हिन्दू जनजागृति समिति रजत जयंती वर्ष में 'हिन्दू राष्ट्र का जागरण' का भी आयोजन करेगी। वर्षभर में 100 से भी अधिक शिविर, 'हर घर योद्धा', 'मैं हूं दुर्गा' अभियान एवं सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

'हर घर योद्धा' एवं 'मैं हूं दुर्गा' अभियान

नवरात्रि के पावन अवसर पर हिन्दू युवतियों की आत्मरक्षा हेतु समिति द्वारा देश भर में 'मैं हूं दुर्गा' अभियान अत्यंत प्रभावी ढंग से चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत पर बालिकाओं एवं युवतियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, धर्मशिक्षा वर्गों के माध्यम से हिन्दू समाज को धर्मशिक्षा देने का कार्य निरंतर जारी है।'युवाशक्ति भारत' उपक्रम के माध्यम से संपूर्ण भारत में युवाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने हेतु 'हर घर योद्धा' अभियान का व्यापक स्तर पर शुभारंभ किया गया है।

व्यापक स्तर पर संगठनात्मक और जनजागृति के लिए करेंगे प्रयास

समिति उन चुनिन्दा संगठनों मे से एक है, जो पूर्णरूप से हिन्दू राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित है। समिति द्वारा गोवा में आयोजित अखिल भारतीय हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन को समिति के कार्य का व्यापक स्वरूप देखकर प्रभावित हो गया। विविधता से भरे देश में आज विविध समाज, विविध संगठनों को साथ लेकर हिन्दू राष्ट्र की दिशा में जो कदम बढ़ा रहा है, हम सब उसमे एक साथ है और निश्चित ही लक्ष्य पाकर रहेंगे। इस रजत जयंती वर्ष में संपूर्ण प्रदेश में व्यापक स्तर पर संगठनात्मक और जनजागृतिपरक उपक्रम चलाए जाएंगे। इस क्रम में हलाल सक्ती का प्रखर विरोध करते हुए वर्ष 2006 से देश में 'लव जिहाद' से संबंधित पहली पुस्तक का प्रकाशन करके समिति ने इस विषय को एक जन आंदोलन का रूप दिया। आने वाले दिनों में पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में हलाल मुक्त दीपावली मुहीम चलायी जाएगी। हलाल उत्पाद पर बंदी लाने के लिए ज्ञापन देना आदि प्रयास किए जाएंगे। साथ ही एक्स, फेसबुक आदि सोशल मिडिया माध्यम द्वारा व्यापक जनजागृति की जाएगी।

समाज को धर्म-सदाचार की राह दिखाते हैं साधु



रायपुर। "जगत में साधु नहीं होते तो जनसमुदाय भटकता ही रहता। साधु समाज को सही राह दिखाने का कार्य करते हैं।" ये बातें विवेकानंद नगर स्थित ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में संवेगरत्न सागर महाराज ने धर्मसभा में कही। सर्वमंगलमय वर्षावास के तहत चल रही नौ दिवसीय शाश्वत नवपद ओली आराधना के पांचवें दिन साधु पद की आराधना की गई।

मुनिश्री ने कहा कि साधु त्याग, तप, संयम और आत्मसाधना के माध्यम से मोक्ष मार्ग पर आगे बढ़ते हैं। वे स्वयं संयम का पालन करते हुए समाज को धर्म और सदाचार की राह दिखाते हैं। साधु का जीवन ज्ञान, ध्यान, तप, जप और वैराग्य को समर्पित होता है। वे विपरीत परिस्थितियों, उपसर्गों और परीषहों को भी समताभाव से सहन करते हैं। मुनिश्री ने कहा कि सच्चे साधु मेरु पर्वत के समान स्थिर और निष्कंप रहते हैं। परिस्थितियां कैसी भी हों, वे अपने संयम और साधना से विचलित नहीं होते। साधु पद का मूल उद्देश्य आत्मकल्याण के साथ जीव मात्र के प्रति करुणा और अभय भाव रखना है।

कार्नर न्यूज

● पंजाबी वुमेन्स वेलफेयर एसोसिएशन का गरिमामयी आयोजन

पंजाबी गीत-संगीत पर थिरके पांव, महिलाओं ने रंगोली से सजाया प्री-दीपावली सेलिब्रेशन, मंच पर मचाई धूम

रायपुर। दीपावली से पहले ही अलग-अलग सामाजिक संस्थाओं की महिलाओं द्वारा प्री-सेलिब्रेशन का सिलसिला शुरू किया गया है। इस कड़ी में गुरुवार की शाम 4 से 7 बजे के बीच वीआईपी रोड स्थित एक होटल में गरिमामय आयोजन किया गया। पंजाबी वुमेन्स वेलफेयर एसोसिएशन के इस आयोजन में समाज की वरिष्ठ महिलाओं के मार्गदर्शन में प्री-दीपावली सेलिब्रेश को एंजॉय करने के लिए कई तरह के गेम्स की श्रृंखला सजाई गई। गीत-संगीत के साथ रोशनी के महापर्व दीपावली के आगमन से पहले आयोजित इस रंगारंग कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और त्योहार की खुशियां एक-दूसरे के साथ साझा की। प्रोग्राम का आगाज रंगोली सजाने से किया गया। पहले रंगों की ओली सजाकर दीए जलाए, इसके बाद पंजाबी गीत-संगीत का दौर शुरू हुआ। इसमें एक-एक करके प्रतिभागी के रूप में वुमेन्स ने मंच पर अपनी शारदार प्रस्तुतियों से धूम मचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।





'प्रेम, प्रकाश और खुशियां बांटें" को साकार किया : इस अवसर को खास बनाने में सदस्य गुरशरण गर्चा, तेजिंदर गरेवाल, इकबाल कोहली, कांची खुराना, हरमिंदर गर्चा, स्वीटी सलूजा एवं नवनीत दुटेजा विशेष रूप से सहयोगी रही। कार्यक्रम का सफल संचालन टीम नूर-ए-पंजाबन की सदस्यों में मोना होरा, नीतू भुई, पूजा होरा, गुंजीत आनंद, मनप्रीत सैनी और गिन्नी छाबड़ा ने किया। उनके समर्पण, सहयोग और बेहतरीन समन्वय से समारोह यादगार बना। यह दीपावली मिलन समारोह खुशियों, मित्रता और आपसी सौहार्द का प्रतीक बना। इस आयोजन ने सदस्यों के बीच प्रेम और एकता के बंधन को और मजबूत किया। सभी ने मिलकर दीपावली के संदेश "प्रेम, प्रकाश और खुशियां बांटें" को साकार किया। प्रोग्राम का समापन भी खास रहा।

आकर्षक सौगात ने भी समारोह को बनाया यादगार

पंजाबी वुमेन्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा अपनी सदस्यों के लिए भव्य दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उत्साह, उमंग, रोशनी और आपसी प्रेम के रंगों से सराबोर रहा। समारोह में सुंदर रंगोली सजावट एवं दीपों ने उत्सव के माहौल को और भी आकर्षक बना दिया। सदस्यों ने दीपावली गेम्स, विशेष तंबोला और मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया। सभी प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उत्साह व उमंग का संचार किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण सदस्यों को वार्षिक उपहारों का वितरण, 32 लकी ड्रॉ, चांदी के सिक्कों के पुरस्कार तथा दीवाली दीया के लिए भव्य उपहार के रूप में सोने की अंगूठी रही। इन आकर्षक पुरस्कारों ने समारोह की खुशियों को दोगुना किया। वहीं वुमेन्स ने एक -दूसरे की हौसला आफजाई की।

खेल

अंडर-19 प्लेट ग्रुप में कोरबा, बीएसपी, महासमुंद और बस्तर ने जीते मुकाबले



भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप एक दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत आज विभिन्न मैदानों पर रोमांचक मुकाबले खेले गए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, सेक्टर-1 में खेले गए मैच में कोरबा ने कांकेर को 6 विकेट से पराजित किया, जहां पहले बल्लेबाजी करते हुए कांकेर की टीम 143 रन पर ऑल आउट हो गई और जवाब में कोरबा ने 4 विकेट खोकर 147 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। धमतरी में खेले गए मुकाबले में बीएसपी ने जशपुर को 7 विकेट से मात दी, जिसमें जशपुर की टीम 116 रन पर सिमट गई और बीएसपी ने 3 विकेट पर 119 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। राजनांदगांव के दिग्विजय स्टेडियम में महासमुंद ने कोरिया जिला को 7 विकेट से हराया; इस मुकाबले में कोरिया जिला 131 रन पर ऑल आउट हो गई और महासमुंद ने 3 विकेट के नुकसान पर 132 रन बनाकर जीत दर्ज की। वहीं, कांकेर के न्यू ग्राउंड पर खेले गए मैच में बस्तर ने धमतरी को 80 रनों के अंतर से करारी शिकस्त दी, जिसमें बस्तर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 268 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया और जवाब में धमतरी की टीम 9 विकेट पर 188 रन ही बना सकी।

टर्मिनेटर विप्रा स्कूल चैंपियंस ट्रॉफी में रयान की शानदार जीत



कुम्हारी। छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी राज्यस्तरीय स्कूली क्रिकेट प्रतियोगिता के रूप में आयोजित टर्मिनेटर विप्रा स्कूल चैंपियंस ट्रॉफी सीजन-6 में रोमांचक मुकाबलों का सिलसिला जारी है। यहां रयान इंटरनेशनल स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हॉलीक्रॉस स्कूल कांपा को 84 रनों से पराजित किया। वहीं स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल कुम्हारी, कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना और गुरुनानक पब्लिक स्कूल ने भी अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। रयान इंटरनेशनल स्कूल और हॉलीक्रॉस कांपा के बीच खेले गए मुकाबले में हॉलीक्रॉस ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रयान इंटरनेशनल स्कूल ने निर्धारित 20 ओवरों में 168 रन बनाए। टीम की ओर से आरव नायक ने 45 और श्रीयांस ने 40 रनों की महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। हॉलीक्रॉस की ओर से जिसान खान ने तीन तथा मनीष ने दो विकेट हासिल किए। 169 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हॉलीक्रॉस कांपा की पूरी टीम रयान इंटरनेशनल स्कूल की अनुशासित गेंदबाजी के सामने महज 84 रनों पर सिमट गई। हॉलीक्रॉस की ओर से मनीष और हर्षित ने 17-17 रन बनाए। रयान इंटरनेशनल स्कूल के परमीत ने तीन तथा कृष्ण पटेल ने दो विकेट लेकर टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शानदार बल्लेबाजी के लिए आरव नायक को मैन ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता के अन्य मुकाबलों में स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल कुम्हारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लीलाश पब्लिक स्कूल मोतीपुर को 78 रनों से पराजित किया। दिन के तीसरे मुकाबले में कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए आत्मानंद स्कूल मोहबा बाजार को नौ विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। वहीं दिन के अंतिम मुकाबले में गुरुनानक पब्लिक स्कूल ने हॉलीक्रॉस स्कूल बैरन बाजार को 39 रनों से पराजित कर प्रतियोगिता में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।

करंजा यूथ कप क्रिकेट में ओसीए ने आरके को 239 रनों से हराया



भिलाई। क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजा भिलाई द्वारा आयोजित यूथ कप क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला ओसीए रेजिडेंशियल क्रिकेट एकेडमी और आरके एकेडमी के बीच खेला गया। ओसीए रेजिडेंशियल क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 321 रन बनाए। टीम के कप्तान आदित्य राज ने 130 रन, स्वप्निल राणा ने 58 और गोपाल मुर्मू ने 40 रनों का योगदान दिया। आरके एकेडमी की ओर से गेंदबाजी में शुभ गिरी ने दो तथा अरुल सिंह, अंकित और किरणील ने एक-एक विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरके एकेडमी की पूरी टीम 82 रन पर ऑल आउट हो गई। टीम के लिए शुभ गिरी ने 27, विकेटकीपर आदित्य सिंह ने 18 और शौर्य चंदोला ने 13 रन बनाए। ओसीए की ओर से गेंदबाजी करते हुए अनमोल भला, नमन ने दो-दो विकेट और बाबातोष ने एक विकेट लिया, जबकि पांच खिलाड़ी रन आउट हुए।

जब पेट दर्द और अपच के पीछे छिपी होती है एंग्जाइटी, तो सामान्य दवाएं हो जाती हैं बेअसर?

पेट की खराबी और दिमाग का है गहरा संबंध, आंतों की सेहत बिगाड़ सकती है आपका मानसिक संतुलन

पेट दर्द, अपच और गैस एक बेहद सामान्य समस्या मानी जाती है, जो अक्सर गलत खानपान, कब्ज या दिनचर्या में बदलाव के कारण होती है। आमतौर पर ये परेशानियां साधारण एंटासिड, घरेलू नुस्खों या कुछ दिनों के परहेज से ठीक हो जाती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यदि आपको लंबे समय से पेट में दर्द, एसिडिटी या पाचन में लगातार गड़बड़ी बनी हुई है और तमाम इलाज के बावजूद आराम नहीं मिल रहा है, तो इसके तार सीधे आपके दिमाग से जुड़े हो सकते हैं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञों और आधुनिक चिकित्सा अनुसंधान के अनुसार, पाचन तंत्र में लगातार बनी रहने वाली खराबी कई स्थितियों में गंभीर मानसिक स्वास्थ्य विकारों का संकेत हो सकती है। गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स डिजीज (जीईआरडी), इरिटेबल बाउल सिंड्रोम (आईबीएस) और एंग्जाइटी-स्ट्रेस जैसी मानसिक समस्याओं के बीच एक बेहद सीधा और गहरा संबंध पाया गया है। यानी यदि आपके पेट की समस्या सामान्य दवाओं से ठीक नहीं हो रही है, तो आपको किसी मनोचिकित्सक या मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट से सलाह लेने की सख्त जरूरत हो सकती है।



क्या है गट-ब्रेन हेल्थ कनेक्शन?

हार्वर्ड हेल्थ की रिपोर्ट के अनुसार, हमारे पेट (गट) और मस्तिष्क (ब्रेन) का आपस में बहुत करीबी और निरंतर संचार का रिश्ता होता है, जिसे चिकित्सा विज्ञान में 'गट-ब्रेन एक्सिस' कहा जाता है। हमारी आंतें मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी के सेंट्रल नर्वस सिस्टम (केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र) द्वारा सीधे नियंत्रित होती हैं। आंतों में लाखों की संख्या में न्यूरॉन्स मौजूद होते हैं जो मस्तिष्क को निरंतर सिग्नल भेजते रहते हैं।



यही वजह है कि जब कोई व्यक्ति अत्यधिक तनाव, चिंता या मानसिक दबाव में होता है, तो उसका सीधा असर पाचन क्रिया पर पड़ता है। यदि आपको बार-बार पेट दर्द, मरोड़, मतली, उल्टी जैसी अनुभूति होती है और शारीरिक जांच में सब कुछ सामान्य निकलता है, तो बहुत संभव है कि इसका असली कारण मानसिक तनाव या हिडन एंग्जाइटी हो।

तनाव और एंग्जाइटी से कैसे बिगड़ता है पाचन तंत्र?

मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. कदीर मिठाईवाला के अनुसार, जब कोई व्यक्ति लगातार तनाव या चिंता की स्थिति में रहता है, तो उसका शरीर 'फाइट या फ्लाइट' मोड में चला जाता है। इस स्थिति में शरीर में कोर्टिसोल और एड्रेनालाईन जैसे स्ट्रेस हार्मोनों का अत्यधिक स्राव होने लगता है।

इन हार्मोनल बदलावों के कारण पाचन तंत्र में गैस्ट्रिक जूस (पाचक रसों) और एसिड का स्राव असामान्य रूप से बढ़ जाता है। इसके परिणामस्वरूप पेट में जलन, एसिडिटी, सूजन, अफारा और गंभीर दर्द जैसी शिकायतें उत्पन्न होती हैं।

वर्ष 2019 में किए गए एक महत्वपूर्ण अध्ययन में यह खुलासा हुआ था कि जीईआरडी (GERD) से पीड़ित मरीजों में एंग्जाइटी और डिप्रेशन के लक्षण काफी अधिक



मात्रा में पाए गए। विशेष रूप से जिन मरीजों में सीने में जलन और दर्द की शिकायत थी, उनमें एंग्जाइटी का स्तर बहुत ऊंचा था। कई बार जीईआरडी और एंग्जाइटी के कारण होने वाला सीने का दर्द इतना तीव्र होता है कि मरीज इसे हार्ट अटैक समझ बैठते हैं।

अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की राय

डॉ. हर्बर्ट स्टैनफोर्ड (हार्वर्ड विशेषज्ञ): ₹जो लोग अपनी दिनचर्या में अत्यधिक तनाव लेते हैं या जिनकी जीवनशैली में मानसिक दबाव अधिक रहता है, उनमें पुरानी पाचन संबंधी समस्याएं बनी रहने का जोखिम कई गुना बढ़ जाता है।₹

डॉ. टोरोसियन (मनोरोग विशेषज्ञ): ₹तनाव से सीधे तौर पर इंफ्लामेटरी बाउल डिजीज (आईबीडी) जैसी गंभीर बीमारियां पैदा नहीं होतीं, लेकिन यदि किसी को पहले से यह समस्या है या वे किसी ट्रॉमा से गुजर रहे हैं, तो स्ट्रेस उनके गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल लक्षणों को कई गुना अधिक गंभीर और असहनीय बना सकता है।



दीपावली और वेडिंग सीजन में सोना खरीदने से पहले जान लें जरूरी टिप्स

भारतीय संस्कृति में सोने का विशेष महत्व है। दीपावली के पावन पर्व और उसके बाद शुरू होने वाले शादियों के सीजन को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गई है। आज के समय में सोना एक लाख रुपये के पार पहुंच चुका है और लोग इसे केवल श्रृंगार ही नहीं, बल्कि भविष्य के लिए एक बेहतरीन निवेश का साधन भी मानते हैं। यही वजह है कि मांगलिक कार्यों और त्योहारों से पहले आभूषणों की खरीदारी करना परंपरा बन चुका है।

त्योहारों और शादियों के समय में सोने की मांग अत्यधिक बढ़ जाती है, जिसका फायदा उठाकर कई बार बाजार में मिलावटी या नकली सोना बिकने की आशंका भी बनी रहती है। थोड़ी सी भी असावधानी आपकी मेहनत की कमाई पर पानी फेर सकती है। यदि आप भी इस दीपावली या वेडिंग सीजन में 22 कैरेट गोल्ड खरीदने की योजना बना रहे हैं और बाजार जाने से पहले पूरी तैयारी करना चाहते हैं, तो इन बेहद जरूरी टिप्स को जरूर ध्यान में रखें।

अपने शहर का ताजा गोल्ड रेट जरूर करें चेक

सोने के दाम हर शहर में अलग-अलग होते हैं। स्थानीय मांग, आयात शुल्क (इंपोर्ट कॉस्ट) और परिवहन के खर्च के आधार पर इसके भाव तय होते हैं। शेयर बाजार की तरह सोने



की कीमतें भी रोजाना घटती-बढ़ती रहती हैं। इसलिए किसी भी शोरूम या आभूषण विक्रेता के पास जाने से पहले अपने शहर के उस दिन के सटीक सोने के भाव की जानकारी अवश्य जुटा लें।

कैरेट के हिसाब से समझें सोने की शुद्धता

सोना खरीदते समय उसकी शुद्धता की जांच करना सबसे अहम कदम है। सोने की शुद्धता को हमेशा कैरेट (K) में मापा जाता है। सबसे शुद्ध सोना 24 कैरेट का होता है, लेकिन उससे आभूषण नहीं बनाए जा सकते क्योंकि वह बेहद नरम होता है। अमूमन गहने 18 से 22 कैरेट सोने में ही तैयार किए जाते हैं। 22 कैरेट सोना आभूषणों के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है।

बिना हॉलमार्क के न खरीदें सोना

खरीदारी करते समय आभूषण पर बीआईएस (BIS) हॉलमार्क का निशान जरूर देखें। हॉलमार्क इस बात की आधिकारिक गारंटी होता है कि सोना तय मानकों के अनुसार कितना शुद्ध है। बिना हॉलमार्क वाले गहनों की शुद्धता पर हमेशा संदेह रहता है, इसलिए सरकार द्वारा प्रमाणित हॉलमार्क देखकर ही भुगतान करें।

मेकिंग चार्ज पर करें मोल-भाव

सोने के गहने खरीदते समय हर ज्वैलर उस पर अपनी कारीगरी के हिसाब से मेकिंग चार्ज (निर्माण शुल्क) जोड़ता है। आप चाहें तो मेकिंग चार्ज को लेकर ज्वैलर से मोल-भाव भी कर सकते हैं। कई बार दुकानदार थोड़ी बातचीत के बाद मेकिंग चार्ज में अच्छी खासी छूट भी दे देते हैं, जिससे आपकी काफी बचत हो सकती है।



छत्तीसगढ़ के तीरंदाजों की दोहरी सफलता व्यक्तिगत स्वर्ण और टीम को कांस्य पदक

रायपुर। छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के लिए गुरुवार का दिन गौरवपूर्ण रहा। प्रदेश को एक साथ दो बड़ी उपलब्धियाँ प्राप्त हुई हैं। छत्तीसगढ़ के पैरा तीरंदाज टोमन कुमार ने एशियन गेम्स की मिक्स्ड टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश एवं देश का मान बढ़ाया है। वहीं दूसरी ओर, 46वीं राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता, जयपुर (राजस्थान) में 8 दिवसीय स्पर्धा के पहले दिन छत्तीसगढ़ की रिकर्व टीम ने पहली बार टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल कर प्रदेश की तीरंदाजी के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। जयपुर में छत्तीसगढ़ के प्रतिभाशाली तीरंदाज गीतेश यादव, श्रेयांश वर्मा, युवराज एवं अविनाश ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रदेश का तिरंगा गौरव के साथ लहराया। छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा खिलाड़ियों ने अपने दृढ़ संकल्प से यह गौरवपूर्ण सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि उन्होंने वरिष्ठ राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता, बिलासपुर में भी खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए घोषणा की थी कि ओलंपिक में पदक जीतने वाले खिलाड़ी तथा पदक दिलाने वाले कोच को 5-5 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। आज की उपलब्धियाँ इस विश्वास को और मजबूत करती है।

व्यक्तिगत स्पर्धा में भी पदक की उम्मीद

मुरारका ने बताया कि प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के सात खिलाड़ी व्यक्तिगत स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। आगामी व्यक्तिगत मुकाबलों एवं मेडल मैचों को लेकर संघ और खिलाड़ियों को पूरी उम्मीद है कि प्रदेश के खिलाड़ी अपनी सफलता का सिलसिला जारी रखेंगे और और भी पदक हासिल करेंगे।





पैरा तीरंदाज टोमन कुमार की स्वर्णिम सफलता

छत्तीसगढ़ के होनहार पैरा तीरंदाज टोमन कुमार ने अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। नक्सल घटना में अपना एक पैर गंवाने के बावजूद उन्होंने अदम्य साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और कड़ी मेहनत के दम पर खेल जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के महासचिव आयुष मुरारका ने बताया कि तोमन कुमार की यह सफलता प्रदेश के खिलाड़ियों, विशेषकर दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

घर में इस दिशा में रखें हाथी की मूर्ति



वास्तु शास्त्र के अनुसार, हाथी की मूर्ति का पूर्ण लाभ उठाने के लिए उसे उत्तर-पूर्व (ईशान कोण) या उत्तर दिशा में इस प्रकार रखना चाहिए कि उसका मुख इन्हीं शुभ दिशाओं की ओर रहे। इसके अतिरिक्त, धन और समृद्धि को नियंत्रित करने वाले घर के दक्षिण-पूर्व (आग्नेय कोण) में भी हाथी की मूर्ति स्थापित की जा सकती है।

इस दिशा में मूर्ति रखने से आर्थिक स्थिरता बढ़ती है और धन आगमन के नए अवसर प्राप्त होते हैं। यदि आप करियर और शिक्षा में एकाग्रता चाहते हैं, तो स्टडी रूम या ऑफिस डेस्क पर उत्तर-पश्चिम कोने में छोटी मूर्ति रख सकते हैं। वहीं, घर के मुख्य द्वार के बाईं ओर ऊपर उठी हुई सूंड वाले हाथी की मूर्ति स्थापित करना सबसे उत्तम माना जाता है, क्योंकि यह नकारात्मक शक्तियों को घर में प्रवेश करने से रोकती है और सकारात्मक ऊर्जा का स्वागत करती है।

किन गलतियों से बचें और कैसी चुनें मूर्ति

हाथी की मूर्ति स्थापित करते समय कुछ विशेष सावधानियां बरतना बेहद जरूरी है, वरना लाभ की जगह नुकसान हो सकता है। वास्तु के अनुसार, घर की दक्षिण-पश्चिम (नैऋत्य कोण) दिशा में भूलकर भी हाथी की मूर्ति न रखें, क्योंकि यह स्थिरता का कोना है और यहाँ मूर्ति रखने से ऊर्जा का प्रवाह बाधित होकर कामों में रुकावटें आने लगती हैं। मूर्ति चुनते समय हमेशा पीतल, संगमरमर या लकड़ी से बनी छोटे आकार की मूर्ति ही चुनें और यह ध्यान रखें कि हाथी की सूंड ऊपर की तरफ उठी हुई हो, जो सौभाग्य का प्रतीक है।

आंखों की चमक और रोशनी को रखना है बरकरार तो, जीवनशैली में बदलाव कर बचाएं अपनी नजर

आंखें ईश्वर का एक अनमोल वरदान हैं और यह हमारे शरीर का वह अहम हिस्सा हैं जो हमें इस खूबसूरत दुनिया का अहसास कराती हैं। हालांकि, आज के दौर में बदलती जीवनशैली और खानपान में गड़बड़ी के कारण आंखों से जुड़ी समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। मोबाइल और कंप्यूटर स्क्रीन पर अत्यधिक समय बिताना हो या फिर मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी स्वास्थ्य स्थितियां, इन सभी का नकारात्मक असर हमारी आंखों की सेहत पर पड़ रहा है। दुनियाभर में अंधापन और कम दृष्टि के प्रमुख कारणों में मुख्य रूप से मोतियाबिंद, मधुमेह संबंधी रेटिनोपैथी और ग्लूकोमा जैसी गंभीर बीमारियां शामिल हैं। आंखों से जुड़ी इन बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित करने और बचाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल अक्टूबर माह के दूसरे गुरुवार को विश्व दृष्टि दिवस (वर्ल्ड साइट डे) मनाया जाता है।

आंखों को जीवनभर स्वस्थ और दुरुस्त रखने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि आपका खानपान संतुलित और पौष्टिक हो। अपनी भोजन की थाली में विभिन्न रंगों वाली



सब्जियों और ताजे फलों को दैनिक आहार का हिस्सा जरूर बनाएं। ओमेगा-3 फैटी एसिड, ल्यूटिन, जिंक तथा विटामिन सी और ई जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व उम्र से जुड़ी दृष्टि संबंधी समस्याओं जैसे मैक्यूलर डिजनरेशन और मोतियाबिंद को दूर करने में बेहद मददगार साबित होते हैं। पालक और केल जैसी हरी पत्तेदार सब्जियां, फैटी फिश, अंडे, नट्स और बीन्स का सेवन आंखों की रोशनी के लिए अत्यधिक लाभकारी माना जाता है। धूम्रपान केवल फेफड़ों के लिए ही हानिकारक नहीं है, बल्कि इसका सीधा और बुरा असर हमारी आंखों की सेहत पर भी पड़ता है। विभिन्न चिकित्सा अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि धूम्रपान करने से मोतियाबिंद, ऑप्टिक तंत्रिका को क्षति पहुंचने और मैक्यूलर डिजेनरेशन का खतरा काफी हद तक बढ़ जाता है। धूम्रपान की इस बुरी आदत को छोड़कर इस तरह के गंभीर खतरों को आसानी से कम किया जा सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि धूम्रपान से दूरी बनाना पूरी तरह आपके नियंत्रण में है, जो आपकी दृष्टि को लंबे समय तक स्वस्थ और सुरक्षित बनाए रखने में मददगार हो सकता है।







निदान 1100 में शिकायतों की भरमार, 1 माह में 341 शिकायतें, 121 मामलों का समय पर समाधान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहरवासियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शुरू की गई नगर निगम की ऑनलाइन शिकायत प्रणाली निदान 1100 में शिकायतों की भरमार है। 1 माह में शहर के अलग-अलग इलाकों से लोगों ने निदान 1100 में कॉल कर सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, कुत्तों की समस्या, नाला-नाली सफाई के लिए मदद मांगी, लेकिन निर्धारित समय पर समस्या के समाधान की रफ्तार सुस्त होने से जो काम एक दिन में होना चाहिए उसके लिए 4 से 5 दिन का इंतजार लोगों को करना पड़ रहा है। एक माह में 341 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें से 121 मामलों का तय समय सीमा में निराकरण नहीं होने से इसे लंबित रखा गया है। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, नाली सफाई और स्ट्रीट लाइट की शिकायतें इनमें प्रमुख हैं।

हरिभूमि सरोकार

- नाला-नाली सफाई से संबंधित बड़ी संख्या में मिली शिकायतें, स्ट्रीट लाइट, पेयजल की समस्या शामिल

डोर टू डोर कचरा कलेक्शन को लेकर 75 शिकायतें, 23 का समय सीमा के भीतर नहीं हुआ निराकरण

आवारा मवेशी और कुत्ता पकड़ने आ रहे कॉल

रायपुर नगर निगम के दस जोन में दस काउकेचर और इसके लिए अलग से टीम मौजूद होने के बाद भी लोगों को निगम की कार्यप्रणाली पर विश्वास नहीं हो रहा। यही वजह है कि लोग नगरीय प्रशासन विभाग की ऑनलाइन शिकायत प्रणाली में सीधे फोन कर आवारा मवेशी के लोकेशन के साथ उसे पकड़ने काउकेचर भेजने की मांग कर रहे हैं। इसी तरह स्ट्रीट डॉग से हो रही परेशानी को लेकर निदान 1100 में कॉल दर्ज किए गए। स्ट्रीट डॉग उठवाने 6 लोगों ने कॉल किए इसके लिए 3 दिन की समय सीमा तय है पर निर्धारित समय में एक भी जगह कुत्ते को पकड़ने टीम नहीं पहुंची, इसलिए इसे लंबित रखा गया है। आवारा मवेशी पकड़ने 1 दिन की समय सीमा तय है 5 शिकायतों में से केवल 1 जगह ही आवारा मवेशी पकड़ने टीम पहुंच पाई। 4 शिकायतें लंबित हैं।



स्ट्रीट लाइट की 129 शिकायतें, 46 पेंडिंग, 83 निराकृत : शहर में स्ट्रीट लाइट बंद होने, बंद लाइटों को बदलने और मरम्मत को लेकर शहर के अलग-अलग इलाकों से लोगों ने एक माह में 129 शिकायतें निदान 1100 में फोन कर दर्ज कराई। स्ट्रीट लाइट सुधारने 1 दिन का रिस्पांस टाइम तय है। इसके बाद भी 129 शिकायतों में से 83 लोगों की शिकायतें सुनकर समस्या का निराकरण किया गया। जबकि 46 लोगों को शिकायत के बाद भी निर्धारित समय सीमा में प्रापर रिस्पांस नही मिला। त्योहारी सीजन स्ट्रीट लाइट को लेकर शिकायतें थमने का नाम नहीं ले रहीं। निदान भी लोगों की स्ट्रीट लाइट समस्या का निदान करने में चूक रहा है।

नाला- नाली सफाई में शिकायतें ज्यादा

नाला-नाली में सफाई की व्यवस्था को लेकर लोगों में शिकायतें कम नहीं हो रही है। निदान 1100 में गत एक माह में 38 अलग-अलग जगहों से लोगों ने शिकायत करते हुए सफाई कराने फोन कर परेशानी दर्ज कराई। 1 दिन की तय समय सीमा के अंदर इनमें से 27 शिकायत कर्ता की समस्या का समय रहते समाधान हुआ। जबकि 11 लोगों को नाली-नाला सफाई के लिए तय सीमा से ज्यादा इंतजार करना पड़ा।

कचरा कलेक्शन का रिस्पांस टाइम 1 दिन, 3 से 4 दिन बाद भी निराकरण नहीं



सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं के मामले नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग फिसड्डी साबित हो रहा है। भुक्तभोगी लोग वार्ड पार्षद से लेकर जोन दफ्तर और मुख्यालय से शिकायत करने के बाद भी प्रापर रिस्पांस नही मिलने पर अब सीधे निदान 1100 में कॉल कर स्पॉट में कचरा गाड़ी समय पर नहीं आने की शिकायत कर रहे हैं। एक माह में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था को लेकर लोगों की नाराजगी खुलकर सामने आई। इस सेवा से संबंधित 75 शिकायतें दर्ज हुईं। एक दिन की समय सीमा में शिकायत दूर करनी थी, पर 23 लोगों की शिकायतें तय समय सीमा के भीतर दूर नहीं कर पाए। यानी कचरा उठाने जैसी रोजमर्रा की समस्या के समाधान के लिए लोगों को इंतजार करना पड़ा।

खबर संक्षेप

राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए राज्यपाल को आमंत्रण



रायपुर। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित नवनियुक्त राज्यपाल ब्रजमोहन राम के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने छत्तीसगढ़ धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ओडिशा पहुंचे थे। जहां कार्यक्रम में समाज की एकजुटता, जागरूकता, अधिकारों की प्राप्ति और राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने के संकल्प के साथ सामाजिक हित में मिलकर कार्य करने पर जोर दिया गया। इस दौरान धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सेठ एवं महासचिव दिलीप निर्मलकर के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में सूरज निर्मलकर को रजक ताज से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ओडिशा सरकार के कैबिनेट मंत्री सूरज सूर्यवंशी ने अपना संबोधन दिया। इस अवसर पर योगेश उजीर, मोतीलाल उजीर, रमेश सेठी, अंबे बाघमार, टामनलाल कन्नौजे, संतोष कन्नौजे, धनेश्वर निर्मलकर, हीरालाल निर्मलकर, अश्वनी बरेठ आदि उपस्थित रहे।

महिला कांग्रेस की बैठक कई मुद्दों पर हुई चर्चा



रायपुर। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन, शंकरनगर में गुरुवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं बालोद विधायक संगीता सिन्हा की अध्यक्षता में महिला कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ संघर्ष, महिलाओं के अधिकारों तथा आम जनता के हक की आवाज़ को बुलंद करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संगीता सिन्हा ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं महिला नेत्रियों का मार्गदर्शन किया। बैठक में उपस्थित सभी महिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बताया कि 31 अक्टूबर को महिला कांग्रेस की प्रतिनिधि दिल्ली पहुंचकर स्व. इंदिरा गांधी के श्रद्धांजलि स्थल पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगी तथा देश के प्रति उनके योगदान और बलिदान को नमन करेंगी।

14 साल पहले गुवाहाटी से लाई गई थी, तब उसकी उम्र 12 साल थी

जंगल सफारी में मादा हिमालयन भालू 'फफोरी' की कार्डियोरेस्पिरेटरी फेल्योर से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गुवहाटी जू से जंगल सफारी की शान बनी फफोरी नामक मादा हिमालयन भालू की तीन दिन पूर्व 19 अक्टूबर को मौत हो गई। मृत भालू की उम्र 26 वर्ष थी। वन्यजीव चिकित्सकों के अनुसार उम्रदराज होने की वजह से भालू की सामान्य मौत हुई है। जिस दिन भालू की मौत हुई है, उस दिन भालू ने दोपहर को पर्याप्त आहार लिया था। घटना दिनांक को कार्डियोरेस्पिरेटरी फेल्योर होने की वजह से भालू की मौत होने की बात सामने आई है। भालू का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

खास खबर

सफारी प्रबंधन के अनुसार फफोरी को वर्ष 2012 में वन्यप्राणी आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत असम, गुवाहाटी स्थित जू से 12 वर्ष की उम्र में रायपुर लाया गया था, तब से वह यहीं रह रही थी। हिमालयन भालू की मृत्यु के बाद वन्यप्राणी चिकित्साधिकारी द्वारा नियमानुसार उसका पोस्टमार्टम किया गया। इसके बाद सफारी प्रबंधन और वन्यजीवों की देखभाल से जुड़े कर्मचारियों की उपस्थिति में उसे श्रद्धांजलि अर्पित कर विधिवत अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान नंदनवन जू एवं जंगल सफारी के संचालक सह-वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत, सहायक संचालक सहित वन विभाग के तमाम अधिकारी-कर्मचारी, पशुपालक और सुरक्षा कर्मचारी मौजूद रहे।

फफोरी के निधन पर जंगल सफारी प्रबंधन और उसकी देखरेख करने वाले कर्मचारियों ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। नंदनवन जू एवं जंगल सफारी प्रबंधन का कहना है कि वे वन्यजीवों की नियमित देखभाल, स्वास्थ्य निगरानी और उनके संरक्षण के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाती हैं।



फाइल फोटो

- सफारी में वर्तमान में दो मादा तथा एक नर हिमालयन भालू शेष

कार्डियोरेस्पिरेटरी फेल्योर में हृदय और फेफड़े काम करना बंद कर देता है

कार्डियोरेस्पिरेटरी फेल्योर एक गंभीर और जीवन के लिए खतरनाक स्थिति है, जिसमें दिल और फेफड़े दोनों एक साथ काम करना बंद कर देते हैं या पर्याप्त रूप से काम नहीं कर पाते। इसके कारण शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को ऑक्सीजन की आपूर्ति नहीं मिल पाती है और कार्बन डाइऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसें बाहर नहीं निकल पाती हैं। यह स्थिति तब उत्पन्न होती है जब रेस्पिरेटरी फेल्योर और कार्डियक फेल्योर दोनों एक साथ हो जाएं।

एक नर तथा दो मादा भालू शेष

सफारी में मादा हिमालयन भालू की मौत के बाद तीन हिमालयन भालू शेष रह गए हैं। इनमें दो माद तथा एक नर हिमालयन भालू है। एक मादा हिमालयन भालू नागालैंड तथा एक नर और मादा भालू को चार माह पूर्व झारखंड रांची जू से लाया गया है। वन्यजीव चिकित्सक के अनुसार जिस हिमालयन मादा भालू की मौत हुई है, वह सफारी में स्वस्थ्य वन्यजीवों में से एक थी। अपनी मौत के दिन भी भालू ने पर्याप्त मात्रा में डाइट लिया था।

विसर्जन कुंड में 1116 से अधिक दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में नवरात्रि पर्व के अवसर शहर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में 9 दिनों तक विराजित मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमाओं को सम्मान के साथ विदाई देने गुरुवार को माता के भक्तों की टोली जयकारे लगाते हुए विसर्जन कुंड स्थल पहुंची। सुबह से देर शाम तक यह सिलसिला चलता रहा। खारुन नदी के महादेवघाट के समीप नगर निगम द्वारा बनाए गए विसर्जन कुंड में गुरुवार की देर रात तक 1116 से अधिक दुर्गा प्रतिमाओं का विधि-विधान से विसर्जन किया गया। इससे विसर्जन स्थल पर दुर्गा समिति के पदाधिकारियों सहित श्रद्धालुओं की आवाजाही के कारण रौनक देखने को मिली। नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा के आदेश पर दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने और विसर्जन कुंड स्थल की सतत निगरानी के लिए जोनवार निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। तीन पाली में संबंधित जोन के जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता और कार्यालय सहायक विसर्जन स्थल की प्रशासनिक व्यवस्था के लिए मौजूद रहे। 20 अक्टूबर की सुबह 6 बजे से 25 अक्टूबर की सुबह 6 तक दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के सिलसिले में यह व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही कुंड स्थल पर प्रतिमाओं के विसर्जन को ध्यान में रखते हुए 7 क्रेन और तीन पाली में 90 गोताखोर उपलब्ध कराए गए हैं।

- बाजे-गाजे के साथ मां दुर्गा को विदाई देने पहुंचे श्रद्धालु

4 सूत्रीय मांग, प्रदेश के 16 हजार कोटवार आज हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कोटवार एसोसियेशन ऑफ छत्तीसगढ़ के आव्हान पर प्रदेशभर के 16 हजार कोटवार अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर 23 अक्टूबर को प्रदेश व्यापी प्रदर्शन करेंगे। नवा रायपुर के तूता धरना स्थल सहित प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में इकट्ठा होकर कोटवार अपने हक की आवाज बुलंद करते हुए कोटवारों को नियमित कर राजस्व विभाग में संविलयन की मांग करेंगे। संघ के प्रांताध्यक्ष प्रेमकिशोर बाघ, प्रांतीय सचिव नागेश्वर सिंह चौहानऔर मीडिया प्रभारी गिरिवरदास मानिकपुरी ने संयुक्त पत्रकार वार्ता में इस बात की जानकारी दी।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए कोटवार एसोसियेशन ऑफ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष प्रेमकिशोर बाघ ने बताया 4 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन का यह दूसरा चरण है, जिसमें मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इससे पहले कोटवारों ने पहले चरण में 3 जुलाई 2026 को तहसील स्तर पर धरना प्रदर्शन कर तहसीलदारों के माध्यम से ज्ञापन सौंपा था। तीन माह के बाद भी शासन द्वारा कोटवारों के हित कोई भी निर्णय नहीं लिया गया है, जिसके कारण प्रदेश के कोटवारों को बाध्य होकर दूसरे चरण का आंदोलन करना पड़ रहा है। जन कल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीण स्तर पर प्रभावशाली ढंग से लागू करवाने में अहम भूमिका निभाने के बाद भी कोटवारों को नियमित कर्मचारी का दर्जा प्राप्त नहीं है।

- तूता स्थित धरना स्थल सहित सभी जिला मुख्यालयों में देंगे धरना

प्रमुख मांगें इस तरह

- कोटवारों को नियमित कर राजस्व विभाग में संविलयन की मांग
- कोटवारों के पारिश्रमिक में महंगाई के अनुपात में वृद्धि करते हुए कम से कम 15 हजार रुपए मासिक किया जावे
- कोटवार नियुक्ति में मनमानी करते हुए गैर वंशज सदस्यों को नियुक्ति देने की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाते हुए कोटवार परिवार के सदस्यों को ही

कोटवार पद पर नियुक्ति देने की मांग

नगर पालिक निगम क्षेत्र में कोटवारों की नियुक्ति पर लगा प्रतिबंध तत्काल हटाया जावे

बिजनेस साइट

रेड कार्पेट थीम पर सजी मैट्स यूनिवर्सिटी की फ्रेशर्स पार्टी



रायपुर। मैट्स यूनिवर्सिटी के मैट्स स्कूल ऑफ फैशन एंड इंटीरियर डिजाइनिंग की ओर से फ्रेशर्स पार्टी 2026 का आयोजन किया गया। रेड कार्पेट थीम पर आधारित समारोह में विद्यार्थियों ने रैंप वॉक, आकर्षक परिधानों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा। कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष परविंदर कौर के स्वागत भाषण से हुई। कुलपति प्रो. डॉ. के.पी. यादव ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और रचनात्मकता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने डिजाइनिंग के क्षेत्र में रिसर्च, नवाचार और व्यावहारिक ज्ञान के महत्व पर जोर दिया। समारोह में सीनियर और जूनियर विद्यार्थियों के बीच रोचक सवाल-जवाब, डीजे डांस और मनोरंजक गतिविधियां हुईं। विद्यार्थियों ने फैशन और इंटीरियर डिजाइन से जुड़े सवालों के जवाब देकर अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता में बिशाल अग्रवाल को मिस्टर फ्रेशर और हेमलता देवांगन को मिस फ्रेशर चुना गया। आकांक्षा मिस इवनिंग और ऐजुल्का मार्विन मिस्टर इवनिंग बने।आयोजन ने नए विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और आपसी संबंध मजबूत करने का अवसर दिया।

एसएमसी हॉस्पिटल का राज्यस्तरीय सम्मेलन 'हाई रिस्क प्रेग्नेंसी अपडेट 2026' संपन्न



रायपुर। गर्भावस्था के दौरान गंभीर जटिलताओं को कम करने और सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एसएमसी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स की ओर से राज्यस्तरीय सम्मेलन 'हाई रिस्क प्रेग्नेंसी अपडेट 2026' आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के करीब 150 स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ शामिल हुए। सम्मेलन में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की समय पर पहचान, उचित उपचार और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उपायों पर चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, एनीमिया और अत्यधिक रक्तस्राव जैसी समस्याएं गर्भवती महिला और शिशु के लिए गंभीर खतरा बन सकती हैं। नियमित जांच और विशेषज्ञों की निगरानी से इन जोखिमों को कम किया जा सकता है। अहमदाबाद से आए डॉ. नागोरी और डॉ. सोनल पांचाल तथा ग्वालियर की डॉ. वीना अग्रवाल ने चिकित्सा अनुभव साझा किए। सम्मेलन में डॉ. प्रज्ञा सूर्यवंशी, डॉ. ममता दास, डॉ. सतीश सूर्यवंशी, डॉ. एस.एस. मोहंती और डॉ. अजय चौरसिया सहित अन्य चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विशेषज्ञों ने गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच और समय पर उपचार को सुरक्षित मातृत्व के लिए आवश्यक बताया।

दिवाली और करवाचौथ स्पेशल सूत्रा फैशन एग्जीबिशन आज से

रायपुर। फेस्टिव सीजन में खरीदारी के लिए शहरवासियों को 23 अक्टूबर से तीन दिवसीय 'सूत्रा इंडियन फैशन एग्जीबिशन' का मौका मिलेगा। दिवाली और करवाचौथ स्पेशल एडिशन के तहत आयोजित यह एग्जीबिशन वीआईपी चौक स्थित बेबीलोन इंटरनेशनल में लगेगी। आयोजन 25 अक्टूबर तक चलेगा। इसके लिए सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। एग्जीबिशन में देशभर से 200 से अधिक एग्जीबिटर्स हिस्सा लेंगे। इसमें विभिन्न शहरों के डिजाइनर्स अपने खास कलेक्शन प्रदर्शित करेंगे। विजिटर्स को एक ही छत के नीचे डिजाइनर परिधान, कॉस्ट्यूम, फैब्रिक्स, फाइन ज्वैलरी, हाई हील्स, फैशन एक्सेसरीज और होम डेकोर की आकर्षक रेंज मिलेगी। आयोजकों के अनुसार, एग्जीबिशन का उद्देश्य त्योहारों के दौरान ग्राहकों को फैशन और लाइफस्टाइल से जुड़े विविध विकल्प उपलब्ध कराना है। यहां पारंपरिक परिधानों से लेकर आधुनिक फैशन ट्रेंड्स तक की रेंज देखने और खरीदारी करने का अवसर मिलेगा।

उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में मिर्गी रोगियों के लिए विशेष शिविर आज



रायपुर। भाठागांव स्थित उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में दशहरा पर्व के अवसर पर 22 अक्टूबर को निःशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच शिविर आयोजित किया गया। वहीं, 23 अक्टूबर को मिर्गी रोगियों के लिए निःशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर लगाया जाएगा। 23 अक्टूबर को आयोजित शिविर में मरीज प्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. छत्रपाल साहू से परामर्श ले सकेंगे। विशेषज्ञों के अनुसार, समय पर उपचार और नियमित दवाओं से मिर्गी को नियंत्रित किया जा सकता है। अस्पताल की डायरेक्टर नम्रता सिंह और मेडिकल डायरेक्टर डॉ. विनोद सिंह ने बताया कि शिविर का उद्देश्य लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ बीमारियों के प्रति जागरूक करना है। अस्पताल में लिवर, न्यूरोलॉजी सहित विभिन्न विभागों की आधुनिक जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं।

बीएमसी का स्तन कैंसर जागरूकता के लिए 24 को सपोर्ट ग्रुप मीट, 25 अक्टूबर को साइक्लोथॉन



रायपुर। स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और शुरुआती पहचान को प्रोत्साहित करने के लिए बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी), नया रायपुर की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत 24 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे अस्पताल परिसर में 'समर्थ ब्रेस्ट कैंसर सपोर्ट ग्रुप मीट' होगी। इसमें उपचार करा रहीं और स्वस्थ हो चुकी महिलाएं अपने अनुभव साझा करेंगी तथा चिकित्सकों से संवाद करेंगी। वहीं, 25 अक्टूबर को सुबह 6:30 बजे रायपुर के मरीन ड्राइव से 'राइड फॉर ए कॉज' साइक्लोथॉन निकाली जाएगी। इसमें साइक्लिंग क्लब और आम नागरिक भाग लेकर जागरूकता का संदेश देंगे। बीएमसी की मोबाइल कैंसर डिटेक्शन वैन के जरिए दूरस्थ क्षेत्रों में डिजिटल मैमोग्राफी से निशुल्क जांच की सुविधा भी दी जा रही है। इसके अलावा, अस्पताल ने स्तन कैंसर की शुरुआती पहचान और उपचार में तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए दो संस्थाओं से समझौते किए हैं। 'विमेन 4 विमेन' क्लिनिक के माध्यम से महिलाओं को व्यापक स्तन स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

वोट चोरी के विरोध में कांग्रेस की साइकिल बाइक रैली, चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कथित वोट चोरी के विरोध में रायपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने साइकिल और मोटरसाइकिल रैली निकालकर प्रदर्शन किया। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व और प्रदेश प्रभारी अरुण वोरा की उपस्थिति में निकली रैली में 12 ब्लॉक अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार, भाजपा और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों की जांच और जवाबदेही तय करने की मांग की। कांग्रेस कार्यकर्ता अलग-अलग टोलियों में आजाद चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास पहुंचे। यहां पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद रैली आमापारा चौक, अग्रसेन चौक, तेलघानी नाका चौक, स्टेशन चौक, फाफाडीह चौक और जेल परिसर होते हुए आंबेडकर अस्पताल पहुंची। यहां बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष संविधान के अनुच्छेद 326 का पाठ किया गया।

- शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेनन के नेतृत्व में 12 ब्लॉक अध्यक्ष हुए शामिल



पूर्व महापौर समेत नेताओं ने भी साधा निशाना

प्रभारी अरुण वोरा ने कहा, राहुल गांधी के नेतृत्व में वोट चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को देशभर में समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम करने का आव्हान किया। पूर्व महापौर प्रमोद दुबे और एजाज ढेबर, विकास उपाध्याय, पंकज शर्मा, आकाश शर्मा, ज्ञानेश शर्मा सहित अन्य नेताओं ने भी भाजपा पर मतदाता सूचियों में कथित हेरफेर के जरिए चुनाव जीतने का आरोप लगाया। नेताओं ने कहा, मतदाता सूची की पारदर्शिता सुनिश्चित करना निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है।